हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री



सिम्स गेट के सामने खड़े होने वाली एम्बुलेंस को बुधवार को हटा लिया गया। जिससे रास्ता साफ हो गया।



## खबर संक्षेप

### डीपीएस का वार्षिकोत्सव आज, साव होंगे अतिथि

**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन 11 जनवरी को शाम 6 बजे तिफरा स्थित स्कूल कैंपस में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के डिप्टी सीएम अरुण साव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु करेंगे। तखतपुर क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह एवं बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### फिर सप्ताहभर टलेगी पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षा

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने सत्र 2023-24 पीजी विषम सेमेस्टर एवं विधि पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए शनिवार को टाइम टेबल जारी किया था। यह परीक्षा 23 जनवरी से शुरू हो रही थी, किन्तु अब यह परीक्षा छात्रों की मांग पर सप्ताहभर और टलने की संभावना है। अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग की ओर से पहले 8 जनवरी से पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षा प्रस्तावित था, किन्तु छात्रों द्वारा परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी। छात्रों का कहना था कि सेमेस्टर की कक्षाएं ठीक से संचालित नहीं हो पाई है, जिससे कोर्स भी पूरा नहीं हुआ है, इसलिए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जाए।

### मौसम विभाग की 150वीं वर्षगांठ 15 को

**बिलासपुर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 15 जनवरी को बहतराई रोड स्थित कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम में मौसम विभाग महानिदेशक के भाषण का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा मौसम विभाग की कार्यप्रणाली, विभिन्न इंस्ट्रूमेंट्स, पूर्वानुमान, मौसम जनित घटनाओं के बारे में जानकारी साझा की जाएगी। आम लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह उपकरणों के सहारे मौसम का पूर्वानुमान बताया जाता है। कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा।

## टूटते छप्पर व गंदगी के बीच लग रही क्लास



# दो कमरों का प्राथमिक स्कूल जहां दो पाली में हो रही पढ़ाई

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

सरकारी योजनाओं का पलीता लगाना जैसे अधिकारियों की आदत सी बन गई है। ताजा मामले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत शासकीय प्राथमिक स्कूल डबरीपारा के नए भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की राशि 9 महीने पहले स्वीकृत हो चुकी है। वर्कआर्डर भी जारी हो गया है। इसके बाद भी अभी तक न लेआउट बना है और न ही एक ईंट तक रखी जा सकी है।

हाल यह है कि जर्जर भवन में पहली से पांचवी तक के 143 बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। उसमें भी प्रदेश में शायद यह पहला प्राथमिक स्कूल होगा जो दो पालियों में लग रहा है। सिर्फ 2 ही कमरे होने के कारण पहली पाली में सुबह 7.30 से 12 बजे तक पहली से तीसरी और दोपहर की पाली में 12 से 5 बजे तक चौथी और पांचवीं की कक्षा लग रही है। स्कूल में बच्चे पानी के लिए तरस जाते हैं क्योंकि पंप बंद कर दिया जाता है। अब कहा जा रहा है कि राज्य सरकार ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण पर रोक लगा दी है इसलिए स्कूल में कोई काम नहीं हो सकेगा। स्कूल के नए भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की राशि 9 महीने पहले स्वीकृत की गई। नगर निगम को इसमें निर्माण एजेंसी बनाया गया। काम का जिम्मा जोन क्रमांक 7 को दिया गया। स्कूल की छतों को सुधारने शौचालयों की मरम्मत होनी थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

अलग खबर

15 लाख रुपए की राशि 9 महीने पहले स्वीकृत, वर्कआर्डर भी जारी हो गया



अभी तक ना तो लेआउट बना है और ना ही एक ईंट तक रखी गई




### 1365 स्कूलों के लिए 75 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत जिले में 1365 स्कूलों के लिए 74 करोड़ 74 लाख 59 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। शहरी क्षेत्र में 57 स्कूलों में निर्माण की जिम्मेदारी निगम को दी गई। इसके लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। निगम की बातों पर ही विश्वास करें तो इसमें 22 स्कूलों में काम पूरा कर लिया गया है तो 35 स्कूलों में काम प्रगति पर है।

### मवेशी व गंदगी के बीच पढ़ाई

सोमवार की दोपहर एक बजे स्कूल में चौथी और पांचवीं की कक्षा लगी थी। बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल बंद होने के बाद पूरे परिसर में असमाजिक तत्व प्रवेश कर जाते हैं। सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचते हैं वहां शराब की बोतलें और डिस्पोजल पड़े मिलते हैं। स्कूल में मवेशियों का घुस जाना आम बात है।

### दर्ज संख्या हो गई आधे से कम

स्कूल के हेडमास्टर विद्यासागर पाटनवार के मुताबिक स्कूल की हालत के बारे में शिक्षा विभाग के साथ ही निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया। निर्माण शुरू करने आवेदन भी दिया गया लेकिन ध्यान नहीं देने से स्थिति खराब होती चली जा रही है। श्री पाटनवार के अनुसार स्कूल में फिलहाल पहली से पांचवी तक 143 बच्चे अध्यनरत हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि स्कूल जर्जर होने और दो पालियों में लगने के कारण दर्ज संख्या कम हो रही है। पहले स्कूल में 300 से अधिक बच्चे पढ़ते थे जिसमें से भाई-बहन के साथ एक ही परिवार के बच्चे भी थे जो एक साथ आते थे। अब अलग क्लास लगने से बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं। हेडमास्टर के अनुसार स्कूल के मरम्मत का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है।

### अनुमति मिलने के बाद शुरू होगा काम

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के निर्माण के लिए जितनी राशि आई थी उससे काम पूरा कर लिया गया है। अब राज्य सचिवालय से पत्र आया है। इसमें कहा गया है कि जो काम शुरू नहीं हो सके हैं उन्हें फिलहाल शुरू नहीं किया जाए। रिपोर्ट भी मांगी गई है। वहां से अनुमति मिलने के बाद तत्काल काम शुरू कर दिया जाएगा।

- **राकेश जायसवाल,** अपर आयुक्त, नगर निगम

## एमआईसी में बवाल : वार्ड में कार्य का इस्टीमेट नहीं बनाने से जताई नाराजगी

# पार्षद ने मेयर से कहा- जोन कमिश्नर पर हाथ छूट जाएगा तो कुछ मत बोलना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में करीब पांच माह बाद बुधवार को हुई एमआईसी की बैठक में जमकर बवाल मचा। बैठक में जोन कमिश्नर व कांग्रेस पार्षद के बीच जमकर बहसबाजी हुई, अपने वार्ड में काम नहीं होने से नाराज पार्षद ने मेयर से यहां तक कह दिया कि काम नहीं होने से जोन कमिश्नर पर मेरा हाथ छूट जाएगा तब आप लोग कुछ मत बोलना।

- मेयर इन कौंसिल की बैठक में जोन कमिश्नर पर भड़के एमआईसी मेंबर

नगर निगम में विधानसभा चुनाव के बाद बुधवार दोपहर को पहली बार एमआईसी की बैठक हुई। बैठक में महापौर रामशरण यादव, प्रभारी आयुक्त अपर आयुक्त राकेश जायसवाल सहित एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में निर्धारित एजेंडा, अतिरिक्त प्रस्तावों पर चर्चा चल रही थी, इसी समय एकाएक एमआईसी में माहौल गरमा गया और वार्ड नंबर 53 के कांग्रेस पार्षद बजरंग बंजारे एवं जोन क्रमांक 7 कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव के बीच जमकर बहसबाजी हुई। अपने वार्ड में विकास कार्य नहीं होने और कार्यों का इस्टीमेट नहीं बनने पर पार्षद बंजारे भड़क उठे। उनका कहना था कि मेरा काम नहीं होता, जब भी कोई काम के लिए जाओ तो जोन कमिश्नर राशि नहीं है कहते हैं, उनको हटा देना चाहिए। नाराज पार्षद ने महापौर से मुखातिब होते हुए यहां तक कह दिया कि जोन कमिश्नर काम नहीं करेगा तो मेरा हाथ छूट जाएगा तब आप लोग कुछ मत बोलना। इस पर जोन कमिश्नर ने भी नाराज होते हुए कहा कि उन्हें हटा दिया जाए। इस बहसबाजी से एमआईसी की बैठक कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गई थी, वहीं निगम के एक अधिकारी ने बैठक में पार्षद के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसे शब्दों का उपयोग उचित नहीं है, आप इस तरह नहीं बोल सकते। किसी तरह बैठक में उपस्थित बाकी लोगों ने माहौल शांत कराया।



### स्मार्ट सिटी पर जताई नाराजगी

एमआईसी की बैठक में स्मार्ट सिटी पर इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई कि नगर पालिका निगम के कर संबंधी अधिकारों का अतिक्रमण करते हुए बिना परिषद के अनुमति के होर्डिंग्स, एलईडी लगाई गई है। एमआईसी के समक्ष यह बात सामने आने के बाद स्मार्ट सिटी से होर्डिंग्स के संबंध में जानकारी मंगाई गई है। इसके अलावा वार्डों से संबंधित विकास कार्य, सामाजिक पेंशन एवं चुनाव के चलते जो रूके हुए काम थे उनके प्रस्ताव एमआईसी में रखे गए थे।

### काम नहीं हो रहा था- पार्षद

वार्ड क्रमांक 53 चांटीडीह क्षेत्र के कांग्रेस के पार्षद बजरंग बंजारे का आज एमआईसी की घटना को लेकर कहना है कि सभी वार्डों के लिए 30-30 लाख रुपए विभिन्न कार्यों के लिए प्रस्तावित है, लेकिन जोन से कार्य का इस्टीमेट ही नहीं बनाया जा रहा है और फाइल आगे नहीं भेजी जा रही है, जिससे वार्ड में कोई काम नहीं हो रहा है। जोन कमिश्नर से जब भी बात करो तो हटवा दो, सस्पेंड करा दो बोलता है, इसी बात को लेकर नाराजगी थी।

### पुराना पुल पार कहलाएगा रामसेतु चौक

एमआईसी की बैठक में आज चौक-चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव पास हुआ। अरपा पार वार्ड क्रमांक 60 के भाजपा पार्षद विजय ताम्रकार ने एमआईसी में महापौर से मांग करते हुए एक पत्र दिया, जिसमें बिलासपुर से सरकंडा को जोड़ने वाला अरपा पुल जिसका नाम रामसेतु चौक रखा जाना प्रस्तावित है। पूर्व में अरविंद हुंडई शो रूम के कारण हुंडई चौक के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में हुंडई शो रूम हट गया, इसलिए जनमानस की भावना है कि इसका रामसेतु चौक के नाम से नामकरण किया जाए।

### चौक-चौराहों में लगेगी महापुरुषों की प्रतिमा

एमआईसी की बैठक में आज शहर के चौक-चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा लगाने, नामकरण के प्रस्ताव पास किए गए हैं। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बाल उद्यान में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई है। इसी तरह राजकिशोरनगर चौक में परशुराम का, मदर टेरेसा का, तारबाहर चौक में शेख गफ्फार, भारतीयनगर में मिनीमाता, सकरी चौक में सावित्रीबाई फूले, कोटा चौक में बालकदास की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पास हुआ है।



# युवकों व युवती ने आरक्षक को पीटा, वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** विवाद होने पर युवकों व युवती ने एक आरक्षक की लाठी से पिटाई कर दी और उसकी बाइक व मोबाइल रख लिया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। आरक्षक ने बाइक व मोबाइल जबरिया रख लेने की शिकायत थाने में की है।

- आरक्षक ने सिविल लाइन थाने में की शिकायत

सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक अजीत सिंह पिछले दो दिनों से छुट्टी पर है। बताया जाता है वह किसी काम से तिफरा गया था। तिफरा में उसका किसी बात को लेकर राजू साहू नामक युवक से विवाद हो गया। इस पर राजू साहू एवं उसके साथी एवं एक युवती ने गाली गलौज करते हुए लाठी, हाथ मुक्का से उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद उसकी बाइक व मोबाइल को जबरिया रखकर उसे भगा दिया। आरक्षक से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। आरक्षक ने राजू साहू के द्वारा लिखित शिकायत थाने में की गई है।

### पूर्व में हुई थी घटना

पूर्व में पुराना बस स्टैण्ड में चखने की सामान को लेकर नशे धुत एक आरक्षक की पिटाई की गई थी। उसका भी वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हुआ था। पिछले दिनों रतनपुर पुलिस ग्राम परसदा में अवैध शराब बेचने वाले कोचिया को पकड़ने गई थी। तब कोचिया के घरवालों ने आरक्षक से मारपीट की थी।

### शिकायत मिली है

आरक्षक अजीत सिंह सिविल लाइन में पदस्थ है और छुट्टी पर है। उसने थाने में तिफरा निवासी राजू साहू के द्वारा जबरिया उसकी बाइक व मोबाइल रख लेने की शिकायत की है। मारपीट करने की शिकायत नहीं की है। मामले की जांच की जा रही है।

- **नवीन देवांगन** सिरगिट्टी टीआई

# सिटी बस ठेका कंपनी को दोबारा नोटिस जारी

**बिलासपुर।** सिटी बस चालक, परिचालकों की हड़ताल पिछले एक सप्ताह से जारी है। पिछले सात दिनों से सिटी बस नहीं चलने से यात्री परेशान हैं। वहीं बिलासपुर जिला अर्बन पब्लकि सर्विस सोसायटी ने सिटी बस संचालन ठेका कंपनी सन मेगा वेंचर को दुबारा नोटिस जारी किया है।

- एक सप्ताह से चल रही चालकों, परिचालकों की हड़ताल

सिटी बस चालक, परिचालकों के हड़ताल को आज एक सप्ताह हो गया है और अभी तक सिटी बस में काम करने वाले कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटे हैं। इधर अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने सिटी बसों का परिचालन करने वाली ठेका कंपनी सन मेगा वेंचर को दुबारा नोटिस जारी किया है। इसके अनुसार सोसायटी अनुबंध के 90 दिवस के बाद 50 बसों में से 40 बसों का संचालन शुरू नहीं किया गया है। सोसायटी द्वारा ठेका कंपनी के आवेदन एवं अनुबंध शर्तों के अनुसार बसों के संचालन एवं संधारण कार्य के लिए निविदा दर 1 करोड़ 85 लाख रुपए का 75 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। भुगतान की गई राशि के अनुपात में 40 बसों का परमिट प्राप्त कर निर्धारित रूट में संचालन प्रारंभ किया जाना था, किन्तु ठेका कंपनी द्वारा मात्र 35 सिटी बसों का ही परमिट राज्य परिवहन प्राधिकार से प्राप्त किया गया है और 5 बसों का परमिट नहीं लिया गया है। अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने 40 बसों का संचालन नहीं करने और समय पर रायल्टी जमा नहीं किए जाने को अनुबंध शर्तों का उल्लंघन मानते हुए 8 जनवरी के दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होकर कारण बताने कहा गया था। इसके साथ ही ये चेतावनी दी गई थी कि क्यों न राशि राजसात करते हुए अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। लेकिन ठेका कंपनी की ओर से न तो सोसायटी के नोटिस का जवाब दिया गया और न ही उनकी ओर से कोई कारण बताया गया है।

### पेनाल्टी का कोई असर नहीं

सिटी बस कर्मचारियों के हड़ताल से नागरिकों को हो रही असुविधा को लेकर बिलासपुर जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने नाराजगी जाहिर करते हुए ठेका कंपनी सन मेगा वेंचर कंपनी को नोटिस जारी किया है। इसमें सिटी बस पब्लिक सर्विस सोसायटी की छवि धूमिल किए जाने के कारण अनुबंध के लिए राशि 10 हजार प्रति बस, प्रति दिवस की दर से 40 बसों के संचालन अवरूद्ध होने के कारण 8 लाख रुपए पेनाल्टी किया गया है, किन्तु इसका भी असर नहीं हुआ है।

### नोटिस जारी किया गया है

सिटी बस ठेका कंपनी के कर्मचारियों की हड़ताल अभी तक समाप्त नहीं हुई है। ठेका कंपनी द्वारा पिछले नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है, इसलिए चेतावनी के साथ फिर से नोटिस जारी किया गया है।

- **अनुपम तिवारी,** सचिव अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ



**पथरिया।** शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत रोहराकला में नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ जीएस धुर्वे अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सरपंच राजेंद्र साहू मुख्य अतिथि, उप सरपंच चन्द्रिका राकेश विशिष्ट अतिथि, डॉ यूएस. श्रीवास्तव, डॉ केजे श्रीवास्तव, पंकज जायसवाल, द्रोपती, पुष्पलता मानिकपुरी, श्री शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने छात्रों को अनुशासन के साथ नशा मुक्ति हेतु कार्य करने को प्रेरित किया। श्री श्रीवास्तव ने श्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। पंकज कुमार ने स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु युवा के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ डीके पांडेय ने किया। कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। जिसमें प्रतिदिन योग, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौधिक परिचर्चा, ग्राम भ्रमण, संस्कृति कार्यक्रम आदि का संचालन नियमानुसार किया जाएगा।

### हमर पथरिया होर्डिंग में क्षेत्रीय विधायक की तस्वीर नहीं, समर्थकों में गुस्सा



**पथरिया।** नगर पंचायत के विभिन्न चौक चौराहों में हमर पथरिया डिजिटल होर्डिंग लगाया गया है जिसमें क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक की तस्वीर गायब है जिसे लेकर नगर के विधायक प्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए डिजिटल होर्डिंग में विधायक की तस्वीर शामिल करने की मांग की है। इस आशय पर नगर में महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र बघेल ने मंगलवार को नगर पंचायत उप अभियंता पी तिर्की को सीएमओ के नाम से ज्ञापन सौंपा और बुधवार को ही हॉर्डिंग में विधायक की तस्वीर लगाने की मांग की। ज्ञापन में भाजपा पार्षद माहेश्वरी राम बघेल ने भी मांग का समर्थन करते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है। इससे पहले भी नगर पंचायत में विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णब ने सीएमओ अमिरेश सिंह से इस हेतु मौखिक मांग की थी लेकिन मंगलवार तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। ज्ञात हो कि नगर में सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्य किया गए हैं जिसमें प्रमुख चौक में डिजिटल होर्डिंग लगाए गए हैं जो चौक के आकर्षण बढ़ा रहे हैं। इन होर्डिंग्स में मुख्यमंत्री , विभागीय मंत्री और नगर पंचायत अध्यक्ष की तस्वीर लगाई गई है।

## निधन

### अंजनी कुमार गौरहा



**बिलासपुर।** नूतन चौक निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक अंजनी कुमार गौरहा (ग्राम पौंसरा वाले) का 10 जनवरी को निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 11 जनवरी की सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकलेगी। वे टुलेश्वर, डा. नरेंद्र, कृष्ण कुमार, योगेन्द्र व हेमंत के पिता थे।

### सुधामी देवी चावला



**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी सुधामी देवी चावला का 10 जनवरी को निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 11 जनवरी को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. केशवदास चावला की पत्नी व सत्यपाल, श्रवण, ओमप्रकाश की मां एवं सतीश, रूपलाल, रामचंद, राजा की चाची थीं।

### राजू दुबे



**बिलासपुर।** तखतपुर पाठक पारा निवासी राजू दुबे का 10 जनवरी को निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को किया जाएगा। वे मनोज, संजय, मन्नी दुबे के भाई और विक्की दुबे के पिता थे।

### अख्तरी बेगम



**बिलासपुर।** जूनी लाइन निवासी अख्तरी बेगम का बुधवार 10 जनवरी को निधन हो गया। उन्हें मरीमाई स्थित खामोशगंज में सुपुर्देखाक किया गया। वे अब्दुल सलीम खान व अब्दुल अलीम की मां थीं।

## 20 बैगा आदिवासी युवाओं को अतिथि शिक्षक के लिए प्रदान किया नियुक्ति पत्र

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति एवं बैगा आदिवासी परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक मंच पर दिलाने के लिए पीएम जनमन योजना अंतर्गत लोरमी विकासखंड के ग्राम खुड़िया में विशेष मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए आज खुड़िया में पीएम जनमन मेगा शिविर लगाया गया है। एक ही मंच पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिविर लगाया गया है। शिविर के माध्यम से सरकार को आपके गांव में लाकर खड़ा किया गया है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए कार्य करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ बैगा आदिवासी परिवारों को दिलाना है। इस दौरान पूर्व विधायक तोखन साहू, जिला पंचायत रानू संजय केशरवानी,वर्षा विक्रम सिंह, अंजना दास, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, दिनेश साहू, सन्तोष साहू फौजी, विनय साहू, धनेश साहू, नितेश अग्रवाल, धनीराम यादव, देवेश खत्री, विकास केशरवानी, मुकुल तिवारी, सीसीएफ एस जगदीशन, वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम लोरमी प्रवीण तिवारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी परिवार के लोग मौजूद रहे।



**3 एंबुलेंस को किया रवानाः** उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सुदूर वनांचल क्षेत्र के बैगा आदिवासी परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने शिविर से तीन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि अचानकमार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में अलग-अलग दिवस कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाया जाएगा।

### गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

बाबा गुरूघासीदास की जयंती पर लोरमी नगर के वार्ड क्रमांक 14 राम्हेपुर में एक दिवसीय जयंती कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि आपके स्नेह और आशीर्वाद के कारण विधायिकी मिली है। मैं आप जैसे ही सामान्य कार्यकर्ता हूं। मैं कोई बड़े घर का आदमी नहीं हूं। सामान्य परिवार से आता हूं। आपके आशीर्वाद ने विधायक बनाया। मेरी पार्टी ने उपमुख्यमंत्री जैसी बड़ी जवाबदारी दी है। आप लोगों ने जिस प्रकार छप्पर फाड़ के वोट देकर मुझे जिताया है उसी प्रकार उसी ताकत के साथ में क्षेत्र के विकास के लिए काम करूंगा। इससे पहले उन्होंने श्रीराम सेवा समिति, युवाओं को मिलिट्री का निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले भूपेंद्र सिंह राजपूत, प्रेस क्लब, मुक्तिधाम टीम, युवा मंडल, मानस सेवा समिति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डीएल भास्कर एवं स्वागत भाषण पार्षद सलीक बंजारे ने किया। इस अवसर पर शिव कुमार तिवारी एवं छतीसगढ़ी कलाकार भूपेन्द्र साहू ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, पूर्व विधायक तोखन साहू, नप अध्यक्ष अंकिता रवि शुक्ला, वर्षा विक्रम सिंह, रामेश्वर बंजारे, दिनेश साहू,राकेश दुबे, रवि शर्मा, विनय साहू, विश्वास दुबे, सन्तोष साहू फौजी, विकास केशरवानी,धनीराम यादव, अशोक साहू, अनिल सलुजा, देवेश खत्री, रेखचंद कोशले, घनश्याम जोशी, सुखनंदन घुमसरे, खुशबू आदित्य वैष्णव, हेमिन मंगेशकर, पूर्वअध्यक्ष न.पं. मनीष त्रिपाठी, सोहन डड़सेना, माया रानी सिंह, साजिद खान, स्वेता पाठक, दुर्गा गोलू रजक, सुनील लहरे, मुकुल तिवारी, दरबारी यादव, दुष्यंत खत्री, सहित प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतीश मिश्रा, सचिव नूतन गुप्ता, साजिद खान, कृष सोनी, जितेंद्र पाठक, राहुल यादव, आकाश सलुजा एवं अन्य लोग बड़ी संख्या महिला पुरूष उपस्थित रहे।



### जनता की हर मांग को पूरी की जाएगी

तखतपुर। संत शिरोमणी गुरूघासीदास जी के बताए मार्ग पर चलकर यह सरकार सभी के लिए समभाव से काम करेगी। जनता के आशीर्वाद से जनता द्वारा चाही गई हर मांग को पूरी की जाएगी। यह बातें उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने तखतपुर में आयोजित गुरूघासी दास जयंती कार्यक्रम में कहीं। गुरूघासी दास जयंती समारोह का आयोजन आजाद नगर में रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव, अध्यक्षता धर्मजीत सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम में सतनामी समाज के द्वारा पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जगजीत सिंह मक्कड़, संतोष कौशिक, वंदना बाला सिंह, त्रेतानाथ पाण्डेय, अशोक ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, ममता धनंजय सिंह क्षत्री, तरूण खाण्डेकर, दिनेश राजपूत, बंशी पांड़े, प्रदीप कौशिक, साऊलाल रात्रे, भागचंद जांगड़े, फुलदास रात्रे , बीसी कुर्रे, परगनिया बंजारे, लाल चंद डाहिरे, विमला जांगड़े, शिप्रा सामुएल, कोमल सिंह ठाकुर, नैन लाल साहू, दिलीप तोलानी, प्रतिभा देवांगन, ईश्वर देवांगन, शिव देवांगन, राजकुमार यादव, राजेश सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दिए एवं सहयोग का आश्वासन दिया। समाज द्वारा मांग किए जाने पर जय स्तम्भ परिसर में सामुदायिक भवन बनाने हेतू विधायक धर्मजीत सिंह ने 10 लाख रूपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि तखतपुर क्षेत्र के विकास के लिए जितना भी संभव होगा उससे अधिक कार्य करने का प्रयास करेंगे।

## सभी धर्म मानव को सिखाते हैं प्रेमः धर्मजीत

**तखतपुर।** दाऊदी बोहरा समाज द्वारा नव निर्वाचित विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर का अभिनंदन समारोह स्थानीय जमात खाना परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष समाज प्रमुख मुल्ला ताहेर भाई ने समाज द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विधायक धर्मजीत सिंह ने समाज के लोगों से अपने प्रेम संबंध एवं आत्मीयता के संस्मरण सुनाए एवं सैय्यदना साहब द्वारा इतने बड़े दाऊदी बोहरा परिवार को बखूबी संभालने व समाज के लिए किए गए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी धर्म प्रेम सिखाता हैं जो धर्म प्रेम नहीं सिखाता वह धर्म, धर्म हो ही नहीं सकता। उन्होंने सबका साथ सबका विकास सबसे मिलजुल कर रहने और सभी के दुख सुख में हमेशा साथ खड़े रहने का आश्वाशन दिया। कार्यक्रम को मुर्तज़ा वनक, अशोक ठाकुर ने संबोधित किया। अमित मंदानी का विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका बनने पर आमिल साहब द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परवेज भारमल व आभार प्रदर्शन शब्बीर लक्ष्मीधर ने किया। कार्यक्रम में अब्बास हिरानी, जाकिर भाई




कपासी, सैफुद्दीन शाम, शब्बीर शाम, खुजैमा भाई, मुर्तुजा, मोइज, हमजा, कुतुबुद्दीन,अदनान, युसूफ भारमल, होजेफा, अब्बास वनक, मुस्तफा, हुसैन शाम, सहित कृष्ण कुमार साहू, बंशी पाड़े, वरुण ठाकुर, अमित मंदानी, बाला ठाकुर, नीलेश ठाकुर, दिलीप तोलानी, रमेश मंदानी, सतीश मंदानी, इस्लाम अंसारी, अजीम भाई, अंकित अग्रवाल, मोनू तोलानी, तन्नू कुकरेजा, प्रमोद ठाकुर, राहुल तिवारी, हनी पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए कलेक्टर से मिले पार्षद

**सरगांव।** नगर पंचायत अध्यक्ष पर तानाशाही रवैया अपनाने एवं नगर विकास के कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए भाजपा पार्षदों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की है। अब अविश्वास प्रस्ताव पर प्रशासनिक प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए 16 जनवरी को सम्मिलन होगा।

प्रदेश में बीजेपी की नई सरकार बनने के साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी कीटू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की बड़ी खबर सामने आ रही है इसके चलते सियासी हलचल तेज हो गई है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सरगांव के पार्षदों ने मुंगेली कलेक्टर के पास अविश्वास प्रस्ताव की सूचना प्रस्तुत की है जिस पर प्रशासनिक प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। जिसके तहत सम्मिलन के लिए 16 जनवरी का समय निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लगाने वाले भाजपा के पार्षद हैं जबकि पार्षदों की संख्या 10 है। नगर पंचायत सरगांव में वर्तमान में भाजपा से पांच ही पार्षद हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में कांग्रेस से कई पार्षद भी हैं। पिछले कांग्रेस शासन काल में नगर पंचायत सरगांव में हुए पार्षद चुनाव में पार्षदों ने सर्वसम्मति से राजीव तिवारी को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पदभार ग्रहण करने के बाद कुछ महीनों के भीतर ही पार्षदों के बीच अध्यक्ष को लेकर विवाद शुरू हो गया। पार्षदों का आरोप था अध्यक्ष अपने अनुसार कार्य करते हैं किसी की भी नहीं सुनते ना किसी को लेकर चलते हैं। नगर पंचायत सरगांव में दो बार नगर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भाजपा पार्षदों द्वारा लगाया जा चुका है परंतु दोनों बार नगर अध्यक्ष किसी भी तरीके से अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे। नगर अध्यक्ष को लेकर विगत 3 वर्षों से नगर की राजनीति गर्म रही। कई कांग्रेसी पार्षद पार्टी हाई कमान को अपना इस्तीफा तक सौंप दिया था उसके बावजूद भी नगर अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहा।

■ अध्यक्ष पर तानाशाही रवैया अपनाने, नगर विकास के कार्य नहीं करने का आरोप



### समय निर्धारित

सम्मिलन का समय निर्धारित किया जा चुका है। 16 जनवरी मंगलवार को अध्यक्ष नगर पंचायत सरगांव के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सुबह 11 बजे सम्मिलन होगा। इसमें अपना बहुमत प्रस्तुत करना होगा।

-बीआर ठाकुर, पीठासीन अधिकारी, एसडीएम पथरिया

### सत्य की होगी जीत

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर लगातार 2 वर्षों से सामना कर रहा हूं। सत्य की जीत होती है। मेरे पर तानाशाही तथा काम नहीं करने का आरोप लगाया गया, यह पूर्णतः निराधार है। मुझे विश्वास है कि हर बार की तरह इस बार भी जीत हमारी होगी।

-राजीव तिवारी किटू, अध्यक्ष, नगर पंचायत

### अध्यक्ष के खिलाफ रोष

नगर पंचायत सरगांव में विगत 4 वर्षों में किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं किया गया है। जो भी विकास कार्य हुए हैं वह भाजपा के शासनकाल में हुए हैं। नगर अध्यक्ष के खिलाफ काफी रोष था। नगर के विकास को फिर से प्रारंभ करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।

-परमानंद साहू, पार्षद, बीजेपी

## खाद्य विभाग के निरीक्षण दल ने जब्त किया धान

**गौरेला।** जिले की खाद्य विभाग की टीम ने खरीदी केंद्र में खपाने ले जा रहे 105 बोरी धान को जब्त किया है।

खाद्य विभाग के निरीक्षण दल को सूचना मिली कि गौरेला के औद्योगिक क्षेत्र अंजनी में स्थानीय राइस मिल के पास धान को खरीदी केंद्र में खपाने ले जाया जा रहा है। दल के मौके पर पहुंचने पर ड्राइवर से पूछताछ करने पर उसने बताया कि स्थानीय जेपी राइसमिल से उसने धान को उठाया है जिसे जांच दल ने जब्त किया है। ट्रैक्टर ड्राइवर के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए जिससे ट्रैक्टर में लोड 105 बोरी धान को जब्त किया। उसे गौरेला थाना के सुपुर्द किया गया है।




### जांच के बाद कार्रवाई

ड्राइवर का बयान दर्ज किया गया है। आगामी जांच जारी है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-श्वेता अग्रवाल, खाद्य अधिकारी जीपीएम।

## प्राचार्य बीईओ कार्यालय अटैच

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम सिर्री में संचालित हाई स्कूल के प्राचार्य के शराब पीकर स्कूल पहुंचने का मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए प्राचार्य को बीईओ कार्यालय में अटैच करने की कार्यवाही की है। वहीं निलंबन के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के सिर्री हाई स्कूल में पदस्थ प्राचार्य अनिल कुमार नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचे जिससे स्कूल के शिक्षक और छात्र परेशान हो गए।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत भूविस्थापित ग्राम सोनपुरी निवासी सुखवार सिंह की मंगलवार की रात सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक सुखवार सिंह गांव के ही अपने एक साथी प्रकाश धनवार के साथ मोटर सायकल से कटघोरा गए हुआ था। देर रात वापस घर आने के दौरान बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 नंबर खदान के पास मोड में उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे वे बाइक सहित सड़क किनारे खेत में जा गिरे, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 की मदद से दोनों घायलों को एसईसीएल विभागीय अस्पताल ले जाया गया जहां जांच उपरांत डॉक्टरों ने सुखवार सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## टीएलएम मेले में बच्चों ने बिखेरी छत्तीसगढ़ी पकवान की खुशबू



**सीपत।** सहशैक्षिक क्षेत्रो से बच्चों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से संकुल केंद्र कन्या स्कूल सीपत के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल में छात्र छात्राओं के प्रयास से बाल मेला एवं टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। अतिथि एसएमसी अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, सुरेंद्र सूर्यवंशी, सौखिलाल साहू, दिलहरण साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक कौवाताल बरेली प्रमोद कुमार पाण्डेय, रामकिशुन सूर्यवंशी, तिरिथराम लिबर्टी, लक्ष्मी माल्या ने फीता काटकर टीएलएम मेले का अवलोकन किया। स्वप्रेरणा से सीख के उद्देश्य से बच्चों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों खुरमी ठेठरी चीला फरा के साथ चाउमीन मीठा गाजर का हलवा पूड़ी समोसा बड़ा सेवई मिठाई चिप्स एवं फल सलाद की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहनलाल बघेल व आभार सुनील गौरहा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका कमलेश कुर्रे, सरोज डोंगरे, शशिकला सिदार, शिवनाथ यादव सहित छात्र छात्राएं एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**//शपथ-पत्र//**

मैं मनीषा प्रजापति उम्र 36 वर्ष पति श्री मुकेश कुमार प्रजापति, जाति कुम्हार, निवासी डो.बी:-6, चंदेला विहार व्यापार विहार रोड के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो निम्न शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते की निवासी हूं। मेरा नाम मनीषा प्रजापति पति श्री मुकेश कुमार प्रजापति है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस आदि समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम मनीषा प्रजापति (MANISHA PRAJAPATI) अंकित है, जिसमें मेरे आधार कार्ड में हिन्दी शब्द में मनीष प्रजापति त्रुटिवश अंकित हो गया है। जिसमें मैं अपना नाम हिन्दी में मनीषा प्रजापति (MANISHA PRAJAPATI) अंकित करवाना/सुधरवाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।
3. यह कि वह शपथ पत्र शासकीय गजट राजपत्र में अपना नाम मनीषा प्रजापति (MANISHA PRAJAPATI) प्रकाशन करवाना चाहती हूँ। जिस हेतु मैं यह शपथ पत्र माननीय अनुविभागयी अधिकारी महोदय बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।
4. यह कि वह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के लिए निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता
मनीषा प्रजापति

**लोकसूचना का खण्डन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूर्यप्रताप युद्धवीर सिंह अधिवक्ता बिलासपुर छ.ग. द्वारा मनीष शर्मा, योगेश शर्मा दोनो पिता स्व. गिरधर शर्मा के द्वारा दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि, नवभारत एवं अन्य दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित आम सूचना का खण्डन करता हूं-

मैं देवेश शर्मा पिता स्व. गिरधर शर्मा के नाम पर नेहरू चौक मुंगेली में स्थित खसरा नं. 757/9 रकबा 226 वर्गफिट पर निर्मित दुकान जो मेरे हक एवं स्वामित्व की है जिसे मेरे द्वारा पंजीकृत बैनामा द्वारा दिनांक 27.04.2002 में तबादलानामा के तहत बलराम भोजवानी पिता मोहन लाल भोजवानी से गोलबाजार स्थित अपनी दुकान के बदले में नेहरू चौक स्थित शिवाजी वार्ड खसरा नं. 757/9 रकबा 226 वर्गफिट पर निर्मित दुकान को प्राप्त किया था तब से उक्त दुकान पर मैं दाखिल एवं काबिज हूं तथा समस्त राजस्व अभिलेख में मेरा नाम दर्ज है। उक्त दुकान पर मेरे भाई मनीष शर्मा, योगेश शर्मा के द्वारा जबरन मेरे किरायादार को डरा धमकाकर तथा थाने में बुलाकर उससे फर्जी ढंग से दस्तावेज में हस्ताक्षर कराया गया है जो पूर्ण रूप से अवैधानिक है। नेहरू चौक स्थित दुकान का एकमात्र स्वामी मैं ही हूं एवं उस पर मेरा ही अधिकार है उस पर मनीष शर्मा, योगेश शर्मा का हक एवं अधिकार निहित नहीं है।

उपरोक्त लोक सूचना प्रकाशन का मैं पूर्ण रूप से खण्डन करता हूं।

दिनांक-10.01.2024

**खण्डनकर्ता**
**देवेश शर्मा पिता स्व. गिरधर शर्मा**
**निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड मुंगेली**
**थाना तहसील व जिला- मुंगेली छ.ग.**
**मो.- 9926174589**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अंशुल दीक्षित पिता श्री आलोक दीक्षित निवासी हाउस नंबर ए/एस-57, स्वर्ण जयंती नगर रिंग रोड नंबर-2 बिलासपुर (न.नि) जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन 495001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम अंशुल दीक्षित पिता आलोक कुमार दीक्षित रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम अंशुल दीक्षित पिता आलोक कुमार दीक्षित से ही जाना व पहचाना जावे।

**अंशुल दीक्षित**
पिता-आलोक कुमार दीक्षित
स्वर्ण जयंती नगर, रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर, छत्तीसगढ़

**Name Change Notice**

It Is Informed To The General Public That I, ANSHUL DIXIT S/0 ALOK DIXIT Adress As-57, Swarn Jayanti Nagar, Ring Road No-2 Bilaspur C.G. 495001 Have Changed My Old Name ANSHUL DIXIT S/0 ALOK DIXIT So In Future I Should Be Recognized By My New Name That Is ANSHUL DIXIT S/0 ALOK KUMAR DIXIT In All Government And Other Documents.

**Anshul Dixit**
As-57, Swarnjayanti Nagar Ring Road No.2, Bilaspur C.G. Pin-495001

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./वाचक/2024
बिलासपुर दिनांक 3/1/2024

ग्राम महमंद के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम महमंद प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 24/10 रकबा 0.04,0.016 हे. भूमि की नामांतरण फौती के आधार पर किये जाने के लिए श्री सागर ग्रायकर आ. स्व. जीवन ग्रायकर निवासी बापूनगर जिला द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 19/01/2024 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 3/1/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है के भूमि स्थित ग्राम बिरकोना प.ह.नं. 47, मन नं. 01, रा.नि.म. कोनी, खसरा नंबर 1198/2 एवं 1198/3 रकबा क्रमशः 0.317 हे. एवं 0.0800 हे. जिला बिलासपुर (छ.ग.) तथा भूमि स्थित ग्राम बिरकोना, प.ह.नं. 47, मन नं.-02, रा.नि.म. कोनी, खसरा नंबर 272/3 रकबा 0.1660 हे. जिला बिलासपुर (छ.ग.) वर्तमान में भू-राजस्व अभिलेखों में गणेश ध्रुव पिता बुद्धेलाल ध्रुव पता-जबड़पारा, सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

उक्त भूमि मेरी पैतृक भूमि है, जिसमें मेरा अंश निहित है। उल्लेखित भूमि के संबंध में मैंने व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है, जो कि वर्तमान में न्यायालय श्रीमान षष्टम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश महोदय बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष व्य.वाद.क्रं. 48-ए/2023, पक्षकार रामकुमार ध्रुव विरूद्ध राही बाई व अन्य (गणेश ध्रुव) आगामी पेशी दिनांक 15.01.2024 को न्याय हेतु लंबित है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उल्लेखित भूमि के संबध में किसी भी का क्रय- विक्रय न करें, अन्यथा होने वाले नुकसान के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें।

**रामकुमार पिता स्व. घनाराम ध्रुव**
**उम्र 60 वर्ष, निवासी- ग्राम बिरकोना**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

10 JAN -BSP-Bhoomi- pg- 3_Layout 1 1/11/2024 12:35 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### व्यंकटेश मंदिर में गोदांबा-रंगनाथ विवाह आज, सजाया गया मंडप



**बिलासपुर।** सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में गोदांबा उत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार 11 जनवरी को गोदाम्बा-रंगनाथ का विवाह उत्सव मनाया जाएगा। इसकी मंदिर समिति द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की गई है। मंदिर परिसर में आकर्षक मंडप तैयार किया गया है, जिसे फूलों से सजाया गया है। मंदिर के सेवादार महावीर शर्मा ने बताया कि हर दिन भगवान रंगनाथ व माता गोदांबा का फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाता रहा। गुरुवार 11 जनवरी को विवाह उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें माता गोदांबा का भगवान रंगनाथ के साथ विवाह होगा। इस दिन भोर में ही भगवान विष्णु की मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन-कीर्तन भी होगा। गुरुवार 11 जनवरी को सुबह से विवाह उत्सव की धूम रहेगी। मंदिर में विवाह मंडप सजाया जाएगा। बैंड-बाजे की धुन के साथ विवाह की सभी रस्में विधि-विधान से पूरी की जाएगी। गोदांबा-रंगनाथ के विवाह के साथ ही उत्सव का समापन हो जाएगा।

### नील और आशिता बने सीए

**बिलासपुर।** जैन समाज के नील कृष्ण कुमार कलरैया जैन व आशिता जैन ने सीए की परीक्षा पास कर समाज व अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है। आशिता ने बताया कि वे शुरू से ही अपने लक्ष्य की ओर प्रयत्नशील रही। वे दिनेश जैन व संध्या जैन की पुत्री हैं। इसी तरह नील कृष्ण कुमार कलरैया जैन ने अपने पहले ही प्रयास में सीए की परीक्षा पास करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि तैयारी के दौरान 10 से 12 घंटे की पढ़ाई करते रहे। साथ ही बीकॉम की भी तैयारी जारी रखा। उनकी रुचि पढ़ाई के अलावा क्रिकेट और फाइनेंशियल फील्ड में भी है। वे मनीष कलरैया व रंजीत कलरैया के पुत्र हैं।



### गणतंत्र दिवस में परेड करेंगी एनसीसी कैडेट श्रेयांशी



बिलासपुर। जैन समाज की एनसीसी कैडेट श्रेयांशी जैन का चयन गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के प्रधानमंत्री परेड के लिए हुआ है। वे बीबीए तृतीय वर्ष व एनसीसी के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली जैन समाज की प्रथम छात्रा हैं। श्रेयांशी ने अपने अथक प्रयास से एनसीसी के राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर न सिर्फ परिवार का बल्कि जैन समाज एवं बिलासपुर का नाम रौशन किया है। वह अन्य विद्यार्थियों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्रेयांशी अध्ययन में भी प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है। वे संदीप जैन की पुत्री हैं।

3 सौ से ज्यादा स्टाल लगे, होंगे विविध आयोजन

# बीएनआई व्यापार उद्योग मेले का आगाज

**12 को मैराथन 15 को हास्य कवि सम्मेलन और 16 को मेले का होगा समापन**

**बिलासपुर।** बीएनआई व्यापार उद्योग मेला का साईंस कॉलेज ग्राउण्ड में बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गणेश और सरस्वती वंदना के साथ ही स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शुद्ध योगा केन्द्र बिलासपुर के बच्चों ने योग प्रयाणाम की प्रस्तुत दी। आयोजकों ने बताया कि इस बार मेले में 300 से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। ऑटोमोबाईल्स जोन, इलेक्ट्रीक बाईक, स्कूल-कोचिंग, फुड जोन एवं मनोरंजन के लिए अनेक स्टॉल्स व झूले लगे हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशान्त शुक्ला रहे। व्यापार मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. किरण पाल सिंह चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी को युवा दिवस के अन्तर्गत मैराथॉन का आयोजन, 15 जनवरी को पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे व साथी द्वारा हास्य कवि सम्मेलन और 16 जनवरी को व्यापार मेले के समापन के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की भजन संध्या का आयोजन होना है। इस कार्यक्रम में किरण मोईत्रा का कठपुतली प्रदर्शन सराहनीय रहा। मंच पर मुख्य अतिथियों के साथ व्यापार मेला के संरक्षणमण्डल प्रकाश ग्वालानी, तवीन्दर पाल सिंह अरोरो, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के प्रवीण अग्रवाल, प्रवीण झा, डॉ. सुशील श्रीवास्तव, संजय मित्तल, कमल सोनी, लालचंद लालवानी आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संचालन राजीव अग्रवाल ,सिद्धार्थ गुप्ता, डॉ.आराधना और सचिन यादव ने किया।



व्यापार मेले के उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते विधायक धरमलाल कौशिक।

### खेती के बाद रोजगार देने वाला दूसरा क्षेत्र व्यापारः कौशिक

मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक ने बीएनआई के आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेती के बाद रोजगार देने वाला दूसरा क्षेत्र व्यवसाय है। प्रदेश में कोयला से हीरे तक खनीज पदार्थों का प्रचुर भण्डार है। इन उद्योग व्यवसाय को प्रोत्साहन देकर राज्य की उन्नती में सरकार भरपूर प्रयास करती है। आज यह गर्व की बात है कि भारत का नाम विश्व की पांचवीं प्रमुख अर्थव्यवस्था में शामिल है। कोविड 19 के समय व्यापार व्यावसाय को हुए नुकसान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहस व आत्मविश्वास से ऊपर उठाया। व्यापार के लिए लागू की गई सकारात्मक नितियों का अच्छा प्रभाव पड़ा। बेलतरा विधायक सुशान्त शुक्ला ने अपने उद्बोधन में व्यापार मेले के उद्देश्य व बीएनआई के सदस्यों की मेहनत की प्रशंसा की।

### शहर की इन विभूतियों का सम्मान

बिलासपुर शहर की विभूतियों जिन्होंने अपने विशिष्ट योगदान से शहर को आगे बढ़ाया, उन्हें बीएनआई के गिव्हस गेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनमें संजय अग्रवाल (योगा), डॉ. देवेन्द्र सिंग, अरविंद दीक्षित, डॉ. आर्य शर्मा, डॉ. होत चंदानी, संतराम जेठमलानी, माधव मजूमदार, प्रकाश ग्वालानी, नरेश सुल्तानिया, डॉ. तेजपाल सिंह अरोरा, एस.पी. चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र अरोरा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश दुआ, रूद्र अवस्थी, समाज सेवा के लिए सपना सराफ, वरिष्ठ अधिवक्ता-हरिभगत अग्रवाल, नानगराम खटूजा, जितेन्द्र गांधी, मदन मोहन अग्रवाल, नानक अंकल व्यापार विहार, सुधीर गुप्ता (बसंत साड़ी) संजय कुमार, बी.एन. मिश्रा, डॉ. बी.एस.चावला, विद्या गोवर्धन, लालचंद लालवानी, डॉ. मन्तोष अलकाना (कुष्ठ रोगियों की सेवा), दीपशीखा शुक्ला, सुधीर गुप्ता (पूर्व इंजि. नगर निगम) संजय दुबे (अध्यक्ष सी.एम.डी. कॉलेज) प्रवीण अग्रवाल(ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल), राजू सुल्तानिया, डॉ. टेकचंदानी, फिल ग्रूप के प्रवीण झा, पुरूषोत्तम अग्रवाल, शोभा त्रिपाठी, डॉ. मनोज चौकसे आदि विभूतियों को चिकित्सा, समाजसेवा, प्रशासनिक, व्यवसायिक एवं पत्रकारिता में उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## संसार की व्यथा को मिटाती है भागवत कथा : शास्त्री

**श्रीमद भागवत कथा वाचक शास्त्री चिंतन भाई पंड्या ने सुदामा प्रसंग सुनाया**



**बिलासपुर।** टिकरापारा स्थित गुजराती समाज भवन में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के सातवें दिन बुधवार को कथा वाचक शास्त्री चिंतन भाई पंड्या और मुख्य यजमान सचदेव परिवार ने परस्पर आभार प्रदर्शन कर कथा विश्राम और पूर्णाहूति की। श्री शास्त्री ने इसके पहले सुदामा प्रसंग भी सुनाया।

भागवत कथा का श्रवण करने के लिए पहुंचे सैकड़ों भक्तजनों-श्रद्धालुओं ने इसे पूरी एकाग्रता से सुना। इस अवसर पर जीवंत झांकियां भी प्रस्तुत की गई । शास्त्री चिंतन भाई पंड्या ने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा इस संसार की व्यथा को मिटाती है । उन्होंने कहा कि भागवत कथा हमें आदर्श जीवन जीने की राह दिखाती है। उन्होंने कहा कि भले ही आज कथा का विश्राम दिवस है लेकिन आज नए जीवन को आरंभ देने का भी दिन है । श्री पंड्या ने कथा के दौरान सभी ईश्वर तुल्य सद्पुरूषों की कथा भी सुनाई, जिसमें सुदामा चरित्र का वर्णन प्रमुख था। बुधवार की भागवत कथा के विश्राम दिवस के अवसर पर समिति के अध्यक्ष हसमुख भाई सचदेव सहित भागवत ज्ञान यज्ञ में चेयरमैन हरगोविंदभाई जोबनपुत्रा, उपाध्यक्ष सरलाबेन दामाणी, सचिव बकुलभाई पटेल और सह-सचिव राजेंद्रभाई चावड़ा तथा उत्सव यजमान रेणुकाबेन, शशि भाई सचदेव, अनुबेन भानुशाली, मालतीबेन शाह, माधवीबेन ठक्कर, दिव्याबेन चावड़ा, दर्शना बेन चावड़ा, जयश्रीबेन परमार, पल्लवीबेन पटेल, राधिकाबेन सचदेव, गीता बेन सचदेव, जूनाबेन सचदेव, रंजनबेन सचदेव, ऋचाबेन सचदेव, हेमाबेन काथराणी, मीनलबेन सचदेव, कमल किशोरभाई जानी परिवार, सचदेव परिवार, शशिकांतभाई सोनछात्रा परिवार, ललितभाई पुजारा तथा श्री जलाराम भक्तिवृन्द परिवार के सदस्य प्रमुख रूप से शामिल थे।

### भागवत कथा का उद्यापन आज

भागवत कथा समिति के सचिव बकुल भाई पटेल ने बताया कि गुरुवार 11 जनवरी को हवन और महाप्रसाद के साथ भागवत कथा का उद्यापन होगा। पूजा-पाठ श्री जलाराम मंदिर के पुजारी पंडित प्रेमचंद शुक्ल व पंडित सचिन महाराज के मार्गदर्शन में होगा।

## शोभा टाह फाउंडेशन का सिकल सेल कैंप व चश्मा वितरण 14 को

**बिलासपुर।** शोभा टाह फाउन्डेशन के तत्वावधान में 14 जनवरी को सिकल सेल कैम्प का आयोजन जगन्नाथ मंगलम आनन्द हॉटल के पास शिव टाकीज रोड में किया जाएगा। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस कैम्प में गौर बोस मेमोरियल सिकल केयर सेंटर, सिहारे चिल्ड्रन हॉस्पिटल एवं डॉ. प्रदीप पात्रा, सीएसआईआर रायपुर के विशेषज्ञों व टेक्नीशियनों की सहायता से सिकल के मरीजों की पहचान कर इलाज किया जाएगा। फाउंडेशन के अनिल टाह ने पत्रकारों को बताया कि पिछले 17 साल से शोभा टाह फाउंडेशन के जरिए प्रति वर्ष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हजारों मरीजों को विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क स्वास्थ परामर्श, नेत्र परीक्षणकर चश्मा वितरण, हियरिंग की मशीन, हेन्डीकेप जनों को व्हीलचेयर व अन्य उपकरण बांटे जा चुके हैं। कैम्प में सिकल की जांच निशुल्क की जाएगी। पॉजिटिव आने पर हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफोरेसिस वहीं पर की जाएगी और जरूरी ब्लड टेस्ट कर सिकल के मरीजों की विषेशज्ञों द्वारा जाँच व परामर्श देने के बाद निशुल्क दवा दी जाएगी।



### जनरल मरीजों का इलाज नहीं होगा

श्री टाह ने बताया कि इस वर्ष कैम्प में जनरल मरीजों का इलाज नहीं होगा, परन्तु आँख की जाँच व चश्मा वितरण जरूर होगा। डॉ. राजीव शिवहरे ने बताया कि रक्त की अनुवांशिक बीमारी सिकल अधिकता में पाई जाती है। सिकल की बीमारी खासकर अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व गरीब तबकों में है। यह एक अनुवांशिक बीमारी है।

### डायबिटीज से ज्यादा घातक सिकल

डॉ. बी आर होतचन्दानी ने बताया कि सिकल की बीमारी डायबिटीज से भी ज्यादा घातक है। डॉ प्रदीप सिहारे ने कहा कि अब सिकल के मरीजो की कामप्रिहेन्सिव केयर जन्म के तुरन्त बाद शुरू कर दी जाती है। डॉ विनोद अग्रवाल ने कहा कि हम भी कामप्रिहेन्सिव केयर करें जोकि सरल व सस्ती है। अगर पति पत्नी दोंनो सिकल के वाहक हैं तो उनके होने वाले बच्चे मैं हर वार सिकल बच्चा होने की 25 परसेन्ट सम्भावना रहेगी। शिशु की जाँच करके पता लगाया जा सकता है कि उसे सिकल की बीमारी तो नहीं है। यह जाँच अब बिलासपुर में ही किफायती दरों पर उपलब्ध है।

### मां मैत्रायणी योगिनी का महानिर्वाण दिवस 13 को

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोरशोध एवं सेवा संस्थान वाराणासी की नगर इकाई के तत्वावधान में अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में अघोरेश्वर महाप्रभु बाबा भगवान राम की त्यागमयी माता मां मैत्रायणी योगिनी का 31 वां महानिर्वाण दिवस 13 जनवरी शनिवार को मनाया जाएगा। विनोद तंबोली ने बताया कि सुबह साफ सफाई एवं श्रमदान के पश्चात हवन पूजन की जाएगी। शाम को विचार गोष्ठी होगी। वहीं उमेश नारायण ने बताया कि सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी के अघोरपीठ आश्रम के प्रांगण में महानिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। यहां सुबह 9 बजे से मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी।

### श्रद्धालुओं ने श्रीमद भावगत कथा में किया भक्तिरस का पान

कतियापारा वार्ड नंबर 36 में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कथा वाचक पं. सूर्यकांत तिवारी ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस का पान कराकर धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसमें मुख्य यजमान श्रीमती रितु किशन निर्मलकर थीं। कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। 9 दिवसीय इस श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कथा श्रवण किया। कथा वाचक पं. तिवारी ने कृष्ण जन्मोत्सव, रुखमणी विवाह एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। 10 जनवरी को हवन के साथ कथा का समापन हुआ। आयोजन समिति में प्रयास महिला समिति की अध्यक्ष श्रद्धा आनंद, उपाध्यक्ष डा. किरण दुबे सहित समिति की सभी महिलाओं का योगदान रहा।



## हिंदी हमारी अभिव्यक्ति की भाषा हैः प्रो. चक्रवाल



- सीयू में विश्व हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस पर विश्वविद्यालय में राजभाषा प्रकोष्ठ तथा हिंदी विभाग द्वारा विभिन्न ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हिंदी हमारी अभिव्यक्ति की भाषा है, जिसमें हम अपने विचारों और अहसास को व्यक्त करते हैं। हिंदी हमारे और आपके दिल की भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी वास्तव में भाषाओं का महासागर है जिसके विस्तार को कोई नहीं रोक सकता। राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि हिंदी की ताकत उसकी बोलियां हैं। कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन डॉ. ज्योति वर्मा ने किया।

### हिंदी भाषा का संबंध दिल से

विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन दोपहर 3 बजे से ब्लेंडेड मोड में सामाजिक सुधार आंदोलन और हिंदी भाषा की भूमिका विषय पर किया गया। इसके मुख्य वक्ता मध्य प्रदेश की प्रो. कुसुम त्रिपाठी रहीं। वहीं अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने की। मुख्य वक्ता प्रो. कुसुम ने कहा कि हिंदी के सामाजिक सुधार के आंदोलन और लोकवृत्त को व्याख्यायित करते हुए हिन्दी भाषा की भूमिका पर प्रकाश डाला। हिंदी भाषा भारतीय जनमानस के संवेदनाओं की भाषा है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. चक्रवाल ने हिंदी भाषा की उपयोगिता और वैश्विक पटल पर हिंदी के बढ़ते कदमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदी का विस्तार भौगोलिक सीमाओं से परे है।

## हिंदी भाषा की तुलना किसी भी भाषा से नहींः पोखरियाल



**बिलासपुर।** हिंदी दिवस पर विश्व रंग में ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल, विचारक पवन वर्मा, राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अतुल कोठारी, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी, शिक्षाविद डॉ अमिताभ सक्सेना एवं विश्वरंग के महानिदेशक संतोष चौबे ने अपने विचार रखे। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुल सचिव, विभागों के विभाग अध्यक्ष ने हिंदी को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर वैश्विक स्तर तक प्रभाव और विचार सुने। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री पोखरियाल ने कहा कि हिंदी भाषा की तुलना किसी भी भारतीय भाषा से नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया में हिंदी को लेकर बहुत अच्छा माहौल है। भारत में 100 करोड़ से भी अधिक लोग हिंदी बोलते हैं। इसलिए हिंदी भारत की शान है। विचारक पवन वर्मा ने दुनिया में विभिन्न भाषाओं और उसकी प्रासंगिकता पर अपनी बात रखी।

### 57% लोग हिन्दी बोलते हैं

उन्होंने संविधान में हिंदी की स्वीकार्यता को लेकर भी उसे समय के द्वंद्व को बताया। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ती हुई भाषा हिंदी है और देश में 57 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास विचारक अतुल कोठारी ने कहा कि शिक्षा में भाषा का विकल्प होना चाहिए। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर लागू किया है। आज इंजीनियरिंग, मेडिकल, सहित सभी पढ़ाई हिंदी में भी हो रही है। हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी ने हिंदी के लिए किया जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने हिंदी सचिवालय स्थापित करने की बात कही। शिक्षाविद अमिताभ सक्सेना ने कहा कि आज भारत की संस्कृति को दुनिया का हर देश समझाना चाह रहा है हमारी संस्कृति और भाषा से जुड़ना भी चाह रहा है इसलिए हमने हिंदी को सीखने के लिए हिंदी अर्जन पाठ्यक्रम की शुरुआत की है।

## छग के प्रसिद्ध जादूगर रमेश ने देखा जादूगर अजूबा का शो

- जादूगर अजूबा के मंच पर इंटरनेशनल जादूगर रमेश का भव्य सम्मान



**बिलासपुर।** तिलिस्मी दुनिया के सुपर स्टार जादूगर सम्राट अजूबा का शो शहर के शिव टॉकीज में छा गया है। जिसने भी शो को देखा वो तारीफ करते नहीं थकता। बुधवार 10 जनवरी के शो में कोरबा के इंटरनेशनल स्टार जादूगर रमेश अपनी टीम के साथ शो देखने पहुंचे। जहां जादूगर अजूबा ने शो के दौरान अपने मंच पर स्मृति चिन्ह, शॉल, अभिनंदन पत्र, पुष्पाहार आदि से उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में जादूगर रमेश ने जादूगर सम्राट अजूबा के उत्कृष्ट प्रदर्शन और नए नए जादुई चमत्कार, लाइट ड्रेस आदि की सराहना की और कहा कि जादूगर अजूबा ने अंडर वाटर डेथ चैलेंज मैजिक दिखाया जो इंडिया में दूसरा कोई जादूगर आज तक नहीं दिखा पाया है। शो में आधुनिक और पारंपरिक जादू का खूबसूरत मनमोहक मिश्रण है। यह शो एक पारिवारिक मनोरंजन है। जादूगर अजूबा ने आज भी अपने दो घंटे के रहस्य रोमांच सस्पेंस और हास्य भरे शो में एक से बढ़कर एक हैरतंगेज जादू करतब दिखा लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। जादूगर अजूबा यहां रोजाना 2 शो और रविवार को 3 शो का प्रदर्शन कर रहे हैं। टिकट हॉल पर बने काउंटर पर और ऑनलाइन भी उपल्ब्ध है।

**बिजनेस प्लस**

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन हो उत्सव का माहौलः अमर

- भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में तैयारियों को लेकर की चर्चा




**बिलासपुर।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन पूरे बिलासपुर नगर में ऐतिहासिक उत्सव मनाए जाने की योजना को लेकर बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में बिलासपुर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे पूर्व मंत्री व नगर विधायक अमर अग्रवाल, संघ के विभाग प्रचारक गणेश साहू, नगर संघचालक प्रदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, कोषाध्यक्ष पूर्व महापौर किशोर राय, गुलशन ऋषि आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नगर विधायक अमर अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि ये क्षण हम सब के लिए ऐतिहासिक होगा। पिछले साढ़े पांच सौ वर्ष के लम्बे संघर्ष के बाद अंततः अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण होने जा रही है। ऐसे समय में हम सब का दायित्व बनता है कि हम इस क्षण को उत्सव में बदल दें। घर-घर दिवाली हो। जगह जगह संकीर्तन हो। हम वह सौभाग्यशाली पीढ़ी हैं जो श्रीराम मंदिर को पुनः प्रतिस्थापित होते हुए देखेंगे। उत्सव वाले दिन हम सब मिल कर अपने ही नगर को अपने गली-मोहल्ले को अयोध्या बनाने की। इस कृतज्ञ भावना से जुट जाएं पूरे 22 जनवरी को जब पूरे देश में उत्सव का वातावरण होगा ऐसे में हमारा बिलासपुर भी अछूता न रहे।


स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह

राष्ट्र स्वाभिमान यात्रा

12 जनवरी 2024, शुक्रवार, प्रातः 8:00 से 9.30 बजे तक



मुख्य अतिथि
श्री अरुण साव जी
माननीय उप-मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
कैबिनेट मंत्री - लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन



अति-विशिष्ट अतिथि
श्री विभूति भूषण पाण्डेय जी
प्रान्त संगठन मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद् (छ. ग.)
प्रो. श्री राजकुमार सचदेव जी
विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, बिलासपुर
श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक , बेलतरा (छ.ग.)



अध्यक्षता
आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी जी
कुलपति - अटल बिहारी यूनिवर्सिटी, बिलासपुर

विशिष्ट अतिथि
श्री महेंद्र जैन जी
संयोजक- वन्दे मातरम मित्र मण्डल

श्री धनराज आहूजा जी
अध्यक्ष पूज्य सिन्धी सेंट्रल पंचायत, बिलासपुर
श्रीमति विनीता भावनानी जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सिन्धी महा सभा
श्री अखिलेश देवरस जी
IMA अध्यक्ष, बिलासपुर (छ.ग.)
श्री प्रदीप देशपांडे जी
पूर्व विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, बिलासपुर

विनीत

विवेकानन्द केन्द्र, बिलासपुर
डॉ. के. डब्ल्यू. देवरस
श्री प्रतीक शर्मा
डॉ. ओम माखीजा
श्री तरुणधर दीवान
डॉ. उल्हास व्ही. वारे
डॉ. संजय मनोहर आयदे
श्री अनिल साहू
श्री आशुतोष शुक्ला

सिन्धु चेतना, बिलासपुर
श्री कमल बजाज
श्री अभिषेक विधानी
श्री धीरज रोहरा
श्री दिनेश नागदेव
श्री दयानंद तीर्थानी
श्री संतोष बुधवानी

सिन्धी युवा विंग, बिलासपुर
श्री अजय भिमनानी
श्री नीरज जिग्यासी
श्री विशाल पमनानी
श्री विजय छुगानी
श्री सुनील लालवानी
श्री अजय तहिलयानी
श्री अमित नेभानी
श्री मनोज उभरानी


डॉ. ओम माखीजा

आप ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं

स्थान :- विवेकानन्द गार्डन, देवकीनन्दन चौक, बिलासपुर

विवेकानन्द केन्द्र, बिलासपुर | सिन्धी युवा विंग, बिलासपुर | सिन्धु चेतना, बिलासपुर | आई एम ए, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### फार्मासिस्ट व परिचारिका के लिए इंटरव्यू आज से

बिलासपुर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा फार्मासिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर कम सेल्समेन एवं चिकित्सालय परिचारिका के पद पर भर्ती के लिए वाक इन इंटरव्यू 11, 12 एवं 13 जनवरी को सुबह 10 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीपत रोड सरकण्डा में किया जाएगा।

### पंजाबी संस्था का लोहड़ी उत्सव 14 को

बिलासपुर। पंजाबी संस्था पंजाबी हिन्दू महिला संस्था एवं पंजाबी हिन्दू युवा संस्था संयुक्त रूप से "लोहड़ी" उत्सव का आयोजन 14 जनवरी को गोविन्दम पैलेस, रिंग रोड-2 में शाम 5 बजे से किया जा रहा है। राजेश दुआ ने बताया कि लोहड़ी समारोह में विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। श्री दुआ ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### एंबुलेंस का संचालन करने मॉक ड्रिल



बिलासपुर। पुलिस मुख्यालय रायपुर के दिशा- निर्देशों के अनुसार यातायात के अधिकारियो,कर्मचारियो को प्रशिक्षण एवं आपातकालीन सेवा एम्बुलेंस के सकुशल परिवहन के लिए मॉक ड्रिल कराया गया। जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के आशय से पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं पुलिस अधीक्षक बिलासपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आज जिले में पदस्थ सभी यातायात के अधिकारियों/ कर्मचारियों को दो पालियों में स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में यातायात प्रशिक्षण दिया गया। नेहरू चौक में 3 जनवरी की दोपहर एंबुलेंस से घटित सड़क दुर्घटना के परिपेक्ष में पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा- निर्देशों के अनुसार ऐसे अवसरों पर एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के चौक से सुरक्षित पास कराने विशेष दिशा निर्देश सभी कर्मचारियों को दिए गए। बुधवार 10 जनवरी को महामाया चौक से नेहरू चौक एवं मंदिर चौक तक, एंबुलेंस के सकुशल संचालन के संबंध में मॉक ड्रिल किया गया ताकि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस वाहन को सकुशल आगे भेजकर व संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। इस बाबत अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रैफिक डी एस पी संजय साहू व जिला रोड सेफ्टी सेल के मास्टर ट्रेनर सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे ने प्रशिक्षण दिया।

### एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी की कोशिश

बिलासपुर। बीती रात चोरों ने एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी करने की कोशिश की गई है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। कोटा टीआई तोपसिंह नवरंग ने बताया, मेन रोड में सहकारी बैंक का एटीएम बूथ है। सोमवार की रात चोरों ने एटीएम बूथ में घुसकर चोरी करने की नीयत से मशीन में तोड़फोड़ की है। मशीन तोड़ने में सफल नहीं हो पाने पर भाग गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी होने पर बैंक प्रबंधक शरद कुमार कौशिक व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। पुलिस ने श्री कौशिक की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 427, 511 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, चारे आधे घण्टे तक मशीन में तोड़फोड़ करते रहे है। रात 1.30 बजे चोर एटीएम बूथ में घुसे हैं।

# वैट टैक्स के 40 हजार से अधिक मामले 10 सालों से कोर्ट में फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीएसटी लागू होने के पहले वैट अधिनियम के अंतर्गत टैक्स की वसूली की जाती थी। जीएसटी लागू होने के बाद 48 हजार से अधिक मामले 10 सालों से विभिन्नकोर्ट में पेंडिंग हैं। इसकी वजह से न तो राज्य सरकार को टैक्स मिल रहा है और न ही व्यापारियों को राहत।

सरकार को भी 4 हजार करोड़ से अधिक के राजस्व की वसूली करनी है, इसलिए अब बीच का रास्ता निकाला गया है। निपटान विधेयक के माध्यम से इसमें छूट देते हुए व्यापारियों को प्रोत्साहित करने नियम बनाए जा रहे हैं। प्रदेश के कारोबारी वैट से संबंधित इन विवादित प्रकरणों का निराकरण 31 जनवरी 2024 तक कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने पर टैक्स और ब्याज में छूट मिलेगी। वहीं जुर्माना राशि को माफ किया जाएगा। वाणिज्य कर विभाग द्वारा चलाए जा रहे कर माफी योजना के तहत संबंधित कारोबारी को लंबित अपील को बिना शर्त वापस लेना पड़ेगा। साथ ही इसे आवेदन के साथ संलग्न करना पड़ेगा। वाणिज्यिक कर विभाग ने छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति का निपटान विधेयक-2023 लागू किया है। इस विधेयक को राज्य सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। अधिनियम के बाद अब इसके लिए नियम बनाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी लागू होने के पहले वैट टैक्स के मामलों में अभी भी अरबों रुपए वसूलना है। आयकर की तर्ज पर राज्य सरकार ने लंबित मामलों के निपटारे के लिए सरल समाधान योजना के अंतर्गत यह विशेष अधिनियम लागू किया है। गौरतलब है कि इस समय प्रदेश में 2.50 लाख से ज्यादा कारोबारी स्टेट और सेंट्रल जीएसटी में पंजीकृत है।

- निपटान विधेयक के माध्यम से छूट देते हुए व्यापारियों को सरकार द्वारा किया जाएगा प्रोत्साहित

### 4 हजार करोड़ की करनी है वसूली, कर माफी योजना से मिलेगी राहत

#### सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट में भी मामले

जानकारी के मुताबिक वैट अधिनियम के अंतर्गत 2013 से 2017 के पहले कई मामले न्यायालय में लंबित हैं। इसमें हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के साथ नेशनल ला ट्रिब्यूनल में भी मामला चल रहा है। राज्य सरकार ने व्यापारियों को सहूलियत और राजस्व की प्राप्ति को लेकर योजना के माध्यम से बीच का रास्ता निकाला है। गौरतलब है कि वैट की विसंगतियों को देखते हुए देशभर के साथ ही प्रदेश में वैट 30 जून 2017 को बंद कर दिया गया है। साथ ही जीएसटी लागू किया गया है। लेकिन, वैट चोरी के लंबित प्रकरण साढ़े छह साल से अब विभिन्न कोर्ट में लंबित है।

#### इतनी मिलेगी छूट

छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति का निपटान विधेयक-2023 के अंतर्गत 50 लाख रुपए तक के टैक्स पर 60 प्रतिशत की छूट, ब्याज में 90 प्रतिशत तक की छूट और पेनाल्टी में पूरी छूट दी जाएगी। 50 लाख रुपए से अधिक के बकाए पर टैक्स में 40 प्रतिशत तक की छूट, पेनाल्टी में 100 प्रतिशत की छूट और ब्याज में 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस छूट का लाभ लेने के लिए व्यापारियों को न्यायालय में चल रहे प्रकरणों को वापस लेकर विभाग की योजना में शामिल होना होगा।

**ब्याज और टैक्स में दे रहे छूट**

वाणिज्यिक कर विभाग ने छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति का निपटान विधेयक-2023 लागू किया है। टैक्स और ब्याज में छूट देते हुए छूट देते हुए व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह योजना व्यापारियों को राहत और सरकार के राजस्व दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है। योजना के लागू होने से टैक्स के पुराने मामलों में व्यापारियों को राहत मिलेगी। साथ ही सरकार को राजस्व भी मिलेगा।

- **टीएल ध्रुव**, स्पेशल कमिश्नर, राज्य कर आयुक्त

### एसीएम ने रेलवे स्टेशन की पार्किंग का किया निरीक्षण, ठेकेदार को फटकारा

# ड्राप एंड गो और प्रीमियम पार्किंग का बोर्ड नहीं होने पर भड़के एसीएम, कहा-पता कैसे चलेगा



रेलवे स्टेशन के पार्किंग का निरीक्षण के दौरान जरूरी निर्देश देते एसीएम अनुपम दत्ता ।

रेलवे स्टेशन के पार्किंग की आए दिन शिकायत मिल रही है। ऐसे में बुधवार को सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक अनुपम दत्ता ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को स्टेशन में आने वालों से अवैध वसूली नहीं करने की चेतावनी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पार्किंग निरीक्षण के दौरान एसीएम दत्ता ने कई खामियां भी पाई। उन्होंने पार्किंग में कार्यरत कर्मचारी के ड्रेस कोड में न होने पर नराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि पार्किंग में जितने भी कर्मचारी काम कर रहे हैं, सभी का एक ड्रेस कोड के साथ आई डी कार्ड भी होना चाहिए, ताकि उनकी पहचान हो सके। इसके साथ ही स्टेशन के पार्किंग में ड्राप एंड गो और प्रीमियम पार्किंग का बोर्ड नहीं था, ऐसे में ठेकेदार निमेश मिश्रा को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि पार्किंग में ड्राप एंड गो और प्रीमियम पार्किंग का बोर्ड नहीं होगा तो यहां आने वालों को इसकी जानकारी कैसे होगी। एसीएम अनुपम दत्ता अब प्रतिदिन रेलवे पार्किंग की निरीक्षण करने की भी बात कही है।

#### बेतरतीबी से वाहन खड़े देख जताई नाराजगी

एसीएम अनुपम दत्ता ने निरीक्षण के दौरान गार्ड लॉबी से लेकर जीआरपी और गेट नंबर तीन तक स्टेशन में खड़े बेरततीब वाहनों को देख भी नराजगी जातई। उन्होंने ठेकेदार को कहा कि यहां अवैध तरीके से पार्किंग क्यो कराई जा रही है। इन जगहों में दोबार वाहन खड़े हुए न दिखे नहीं तो रेलवे के तरफ से ठेकेदार पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी।

## पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की मांग, ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन ने शुरू की भूख हड़ताल

पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली की मांग को लेकर ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के बैनर तले बुधवार को रेलवे कर्मचारियों ने जमकर हल्ला बोला। इस दौरान राष्ट्रीय भूख हड़ताल के आह्वान पर कर्मचारियों ने डीआरएम कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। श्रमिक यूनियन के नवीन कुमार और तारकेश्वर कुमार ने बताया कि रेलवे के ऐसे कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम से वंचित हैं, जिनकी नियुक्ति एक जनवरी 2004 के बाद हुई है। एआईआरएफ चाह रहा है कि इन कर्मचारियों के लिए भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू हो, ताकि सेवानिवृत्त के बाद आर्थिक संकट से न जूझना पड़े। लिहाजा, एआईआरएफ के दिशा-निर्देश पर क्रमिक विरोध प्रक्रिया लगातार चल रहा है। जब तक मांग पूरी नहीं होती, यह विरोध जारी रहेगा।

- डीआरएम कार्यालय के सामने किया धरना प्रदर्शन, मांग पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी



डीआरएम ऑफिस के सामने धरना देते ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सदस्य।

#### 17 रेलवे जोन में चल रहा प्रदर्शन

आंदोलन कर रहे पदाधिकारियों ने बताया कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेंडरेशन और ज्वाइंट फोरम की ओर से देश के सभी 17 रेलवे जोन और 8 औद्योगिक इकाइयों में आठ से 11 जनवरी तक सांकेतिक भूख हड़ताल किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को बिलासपुर में डीआरएम ऑफिस के सामने कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया।

#### रेल चक्काजाम करेंगे पदाधिकारी

मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि देश भर के कर्मचारी लंबे समय से ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली करने की मांग कर रहे हैं। लगातार विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश में है, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं हुई, तो जिस तरह से देश भर में वाहन चालकों ने हड़ताल की, उसी तरह रेलवे कर्मचारी भी आंदोलन करेंगे।

### अवैध उत्खनन और परिवहन जारी

# साल भर में 505 प्रकरण दर्ज, सवा करोड़ पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग ने साल भर में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के कुल 505 प्रकरण दर्ज किए हैं। इनसे सवा करोड़ की पेनाल्टी भी वसूली गई है। इसके बाद भी लेकिन अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। दिन के साथ ही शाम होते ही रेत को बेचने और इधर-उधर खपाने का खेल चल रहा है। इसके साथ ही रेत माफिया ने शार्टेज बताकर कीमतें पांच गुना तक बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि 1200 से 1500 रुपए तक मिलने वाले एक ट्रैक्टर रेत की कीमत 3500 रुपए तक पहुंच गई है। साथ ही प्रति हाइवा रेत की कीमत साढ़े 6 हजार से बढ़कर 25 हजार के पार हो गई है। ध्यान रहे कि बिल्डिंग मटैरियल में लोहे के बाद गिट्टी की कीमत दूसरी सामग्रियों में अधिक महंगी मानी जाती रही है, लेकिन कुछ अरसे से रेत की कीमत गिट्टी से भी दो गुनी अधिक हो गई है।

- दिन के साथ ही शाम होते ही रेत को बेचने और इधर-उधर खपाने का खेल

#### 6 मामलों में एफआईआर भी दर्ज

इसके अतिरिक्त खनिज अवैध उत्खनन एवं परिवहन के 25 मामले न्यायालय में विचाराधीन है जिस पर आदेशानुसार कार्यवाही होनी शेष है। इसके साथ ही प्रतिबंधित क्षेत्रों में रेत उत्खनन पर 6 मामलों में एफआईआर भी दर्ज कराया गया है। खनिज उपसंचालक दिनेश मिश्रा के मुताबिक खनिज अमला द्वारा रेत उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन-परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा। श्री मिश्रा के अनुसार कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। मैदानी इलाके में पहुंच कर टीम रेत, मिट्टी और मुरूम परिवहन करने वाले वाहनों की जांच कर धरपकड़ कर रही है।

#### सख्ती के बाद भी नहीं थम रहा अवैध उत्खनन

बिलासपुर में कलेक्टर की सख्ती के बाद भी अवैध खनिज परिवहन और उत्खनन का अवैध कारोबार नहीं थम रहा है। बुधवार को खनिज विभाग ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर चार ट्रैक्टर व एक हाईवा को जब्त कर पुलिस को सौंपा है। इन वाहनों में अवैध रूप से रेत व मुरुम उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग की टीम ने सकरी, कछार और बेलगहना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान नदी किनारे अवैध रूप से खोदाई कर मिट्टी, रेत और मुरुम की खोदाई कर ट्रैक्टर व हाईवा में परिवहन किया जा रहा था। इन वाहनों के साथ ही एक जेसीबी को भी जब्त किया गया है। सभी वाहनों को पुलिस को सौंपा गया है ओर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

#### लगातार की जा रही है कार्रवाई

खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है। साथ ही खनिज अमले द्वारा रेत उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन-परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा।

- **दिनेश मिश्रा**, उपसंचालक, खनिज विभाग

## अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी आज और कल से ट्रेनें होंगी प्रभावित

यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों की गति बढ़ाने रेलवे लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रहा है। इसी कड़ी में अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित है।

#### रास्ते में समाप्त/प्रारम्भ होने वाली ट्रेनें

- 11 जनवरी से 16 जनवरी तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18756 अम्बिकापुर–शहडोल एक्सप्रेस अनूपपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा अनुपपुर–शहडोल के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 11 जनवरी से 16 जनवरी तक शहडोल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18755 शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस अनूपपुर से प्रारम्भ होगी और शहडोल–अनूपपुर के मध्य रद्द रहेगी। वहीं 11 जनवरी से 16 जनवरी तक कटनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 06617 कटनी – चिरमिरी मेमू पैसेंजर स्पेशल अमलाई स्टेशन में समाप्त होगी तथा अमलाई–चिरमिरी के मध्य रद्द रहेगी।
- 12 जनवरी से 17 जनवरी तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 06618 चिरमिरी - कटनी मेमू पैसेंजर स्पेशल अमलाई से प्रारम्भ होगी तथा चिरमिरी–अमलाई के मध्य रद्द रहेगी।

## सोलापुर रेल मंडल में दोहरी रेल लाइन का काम, पुणे से चलने वाली 5 ट्रेनें देर से छूटेंगी

मध्य रेलवे के सोलापुर रेल मंडल के अंतर्गत निंबलक-विलद के बीच दोहरी रेल लाइन से कनेक्टिविटी और विद्युतीकृत का काम कराने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस काम के चलते पुणे से चलने वाले 5 ट्रेनों का परिचालन 13 से 21 जनवरी तक प्रभावित रहेगा। रेलवे के अफसरों ने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में अधोसंरचना विकास के लिए मध्य रेलवे सोलापुर रेल मंडल के अंतर्गत निंबलक-विलद के बीच दोहरी रेल लाइन को कनेक्टिविटी और विद्युतीकृत काम के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का काम 10 से 22 जनवरी के बीच कराया जाएगा। ऐसे में इस सेक्शन में चलने वाली कुछ गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहेगा।

#### देर से रवाना होने वाली ट्रेनें

- 13 जनवरी को 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस 1 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 14 जनवरी को 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस 4 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 15 जनवरी को 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से रवाना होगी।
- 20 जनवरी को 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से रवाना होगी।
- 21 जनवरी को 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस 4 घंटे देरी से रवाना होगी।






# थाने में जमे पुलिसकर्मियों को रिलीव करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने लंबे समय से तबादले के बाद थाने में जमे पुलिसकर्मियों की लिस्ट जारी कर तत्काल रिलीव करने का आदेश जारी किया है। देखने वाली बात यह है अब थानेदार चेहते पुलिसकर्मियों को कब तक रिलीव करते हैं।

समय समय पर एसपी के द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया जाता है। मजेदार बात यह है कि थानेदार आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल दे रहे थे। चेहते व कमाऊ पुलिसकर्मियों को थाने से रिलीव नहीं किया जा रहा था। अन्य पुलिसकर्मियों को तत्काल रिलीव कर दिया जाता था। हालत यह है कि तबादले के 8 माह बाद भी पुलिसकर्मी थाने से रिलीव नहीं हुए हैं। 10 जनवरी को एसपी संतोष कुमार सिंह ने तबादले के बाद थाने में जमे पुलिसकर्मियों की लिस्ट जारी कर तत्काल थानों से रिलीव करने का आदेश जारी किया है।

- तबादला होने के बाद भी नहीं जा रहे थे पुलिसकर्मी
- एसपी ने तत्काल रिलीव करने दिया आदेश

#### ये पुलिसकर्मी तबादले के बाद जमे हैं

| नाम | कौन थाना से कहां | कब तबादला हुआ |
|---|---|---|
| आरक्षक दीपक मरावी | रतनपुर से कोनी | 27 अप्रैल 2023 |
| प्रधान आरक्षक कुवर सिंह | रतनपुर से सिविल लाइन | 2 जून 2023 |
| आरक्षक कीर्ति कुमार पैकरा | रतनपुर से पुलिस लाइन | 2 जून 2023 |
| आरक्षक रामधीन टोप्पो | रतनपुर से पुलिस लाइन | 2 जून 2023 |
| आरक्षक बालेश्वर तिवारी | रतनपुर से पुलिस लाइन | 13 दिसंबर 2023 |
| प्रधान आरक्षक विनोद यादव | सरकण्डा से एसीसीयू | 13 मार्च 2023 |
| आरक्षक रामलाल मारकंडे | सरकण्डा से बिल्हा | 13 मार्च 2023 |
| आरक्षक अजय जायसवाल | सरकण्डा से तखतपुर | 13 मार्च 2023 |
| आरक्षक बसंत कुमार भारद्वाज | सरकण्डा से रतनपुर | 14 जून 2023 |
| महिला प्रधान आरक्षक संगीता नेताम | सरकण्डा से सिविल लाइन | 19 जुलाई 2023 |
| आरक्षक प्रदेश पाली | जूनापारा से सरकण्डा | 9 सितंबर 2023 |
| आरक्षक अजय मधुकर | मल्हार से पुलिस लाइन | 13 दिसंबर 2023 |
| आरक्षक सुखनंदन पालके | तारबाहर से मल्हार | 6 अप्रैल 2023 |
| एएसआई शैलेन्द्र सिंह | सिरगिट्टी से पुलिस लाइन | 13 दिसंबर 2023 |
| महिला आरक्षक कालोल मनहर | जिला विशेष शाखा से सिटी कोतवाली | 4 अक्टूबर 2023 |

#### लिस्ट के अलावा और भी पुलिसकर्मी जमे हैं थाने में

एसपी आफिस से जारी लिस्ट के अलावा शहरी एवं ग्रामीण इलाकों कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं, जो तबादले के बाद जमे हुए हैं। उन पुलिसकर्मियों का लिस्ट से नाम गायब है। बहरहाल एसपी ने वायरलैस सेट से जिले के सभी थानेदारों को तबादला के जमे सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल रिलीव करने का आदेश दिया गया है।







10 -JAN-REGNOL-Pg-3_Layout 1 1/10/2024 11:42 PM Page 1



# अभी भी धान नहीं बेच पाए हैं 35 फीसदी किसान, महज 20 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

समर्थन मूल्य में धान खरीदी का समय महज 20 दिन ही बचे हैं परन्तु 35 प्रतिशत किसान अभी भी अपना धान नहीं बेच पाए हैं जिससे किसान चिंतित हैं। ऐसी स्थिति में इतने कम दिनों में टारगेट पूरा कर पाना समिति के लिए भी चुनौती से कम नही है।

दरअसल इस बार चुनावी घोषणा के चलते किसानो ने जल्दी धान बेचने रुचि नही दिखाई वे चुनावी रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। इस बार 1 नवंबर से ही समितियों में धान खरीदी प्रारम्भ हो गई थी। किसानों ने 3 दिसम्बर से धान बेचने किसानों की भीड़ खरीदी केंद्रों में होने लगी जिसके लिए पहले से टोकन लेना भी जरूरी था। जिसके बाद ऑनलाइन टोकन लेने लगे परन्तु छोटे व मोबाइल से अनभिज्ञ किसानों को परेशानी होने लगी जो आज भी बरकरार है। छोटे किसान आज भी अपनी फसल बेचने समितियों के चक्कर काट रहे है, हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इन बचे दिनों में खरीदी की लिमिट बढ़ाकर सभी किसानों का धान खरीद लिया जाएगा।

सेवा सहकारी समिति मल्हार के धान खरीदी केंद्र में मल्हार सहित 7 गावों के 1744 पंजीकृत किसान हैं जिसमें से अब तक 1038 किसान ही धान बेच पाए है। जिनसे 10 करोड़ 43 लाख 29 हजार रुपये की खरीदी हुई है। साथ ही किसानों से 2 करोड़ 54 लाख की ऋण वसूली भी हुई है।

## समितियों के पास टारगेट पूरा करने की चुनौती

### टारगेट से दूर है

समिति के प्रभारी संस्था प्रबंधक अजय सिंह ने बताया कि इस बार 80 हजार क्विंटल धान खरीदी का टारगेट मिला है परन्तु अब तक 47 हजार क्विंटल ही खरीद पाए हैं उन्होंने बताया कि लिमिट बढ़ने से तय समय में खरीदी का टारगेट पूरा हो जाएगा जिससे किसानों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में प्रतिदिन 22 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है जिसका लिमिट 25 सौ तक बढ़ाने अधिकारियों को पत्र भेजा जा चुका है।



### चिंता न करें किसान

समय कम है फिर भी हर एक किसान का धान खरीदा जाएगा। प्रतिदिन की लिमिट बढ़ाने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। उम्मीद है जल्द ही आदेश आएगा जिससे तय समय में समितियों का टारगेट भी पूरा हो जाएगा। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

-गोधूलि वर्मा,
सीईओ, धान खरीदी प्रभारी मस्तूरी क्षेत्र

## खबर संक्षेप



### माता राजिम की पूजा कर अक्षत कलश का स्वागत

**मुंगेली।** ग्राम चातरखार में युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ द्वारा साहू समाज का आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम जयंती के शुभ अवसर में बजरंग चौक में माता राजिम की पूजा अर्चना कर बूंदी प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही अक्षत यात्रा का भव्य स्वागत कर पूरे ग्राम में कलश यात्रा किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ चुणामड़ी साहू, तहसील मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र साहू, रेशकुमार दिवाकर सरपंच ग्राम पंचायत चातरखार, ग्रामीण अध्यक्ष लखन साहू, नंदू, सतीश, मुकेश, पेखन, अश्विनी, रुपू, गोकुल, बैसाखु, रामस्वरूप, दिलहरन, यशवंत, श्यामसुंदर, मुरारी, टुकेश्वर, कृष्णा, रामभरोस साहू, विकास बैरागी एवं समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आनंद मेले में बच्चों ने उठाया व्यंजनों का आनंद



**जरहागांव।** अनुराग पब्लिक स्कूल दशरंगपुर में कक्षा चौथी से आठवीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने स्कूल में आनंद मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सुभदा कुमार राज कश्यप ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया। इस दौरान बच्चों ने चाऊमीन, गुपचुप, दोसा, जलेबी, फोहा, ठेठरी, खुरमी ,बोबरा आदि व्यंजनो का स्टाल सजाया, जहां उपस्थित पालकों एव बच्चों ने स्वाद चखा। आनंद मेले में बच्चो ने गीत नृत्य नाटक एवं कविता का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष कुमार राज कश्यप ने तथा अभार प्रदर्शन शिक्षिका जननी सिंह ठाकुर ने किया।

### मिडिल स्कूल सारधा के उन्नयन की मांग

**लोरमी।** क्षेत्र के दौरे पर आए के उपमुख्यमंत्री अरूण साव को शाला प्रबंधन समिति मिडिल स्कूल सारधा के वरिष्ठ सदस्य बिहारी लाल साहू के नेतृत्व में मनहरण तिवारी द्वारिका सिंह राजपूत जय केशरवानी गणेश यादव व दिलीप सिंह द्वारा सन 1975 से संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारधा का आगामी सत्र जुलाई 2024 से हाईस्कूल के रूप में उन्नयन की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि इस विद्यालय में जनभागीदारी हाईस्कूल करीब पांच वर्ष से संचालित था। इनके साथ संचालित होने वाले सभी विद्यालय शासकीय हाईस्कूल के रूप में उन्नयन हो गया है। हाईस्कूल के उन्नयन के अभाव में अजा अजजा पिछडावर्ग तथा निर्धन वर्ग के छात्र छात्राए माध्यमिक शिक्षा से वंचित हो रहे है। उपमुख्यमंत्री ने उक्त कार्य को प्राथमिकता पूर्वक शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

### थमे संजीवनी के पहिए मरीज की जान सांसत में

**कोरबा।** अपनी सेवाओं के चलते एक समय 108 संजवनी एक्सप्रेस का डंका पूरे प्रदेश में बजता था। आपातकालीन मामलों में संजीवनी 108 हमेशा हाजिर रहता था लेकिन आज के वक्त में इस सेवा की हालत काफी खराब हो गई है। मरम्मत के अभाव में संजीवनी एक्सप्रेस के एंबुलेंस कहीं भी खराब हो जाती है। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी दूर गढ़-उपरोड़ा में ग्राम नकिया से एक मरीज को लेकर आ रहा एंबुलेंस खराब हो गया। वैल्पिक व्यवस्था के तौर पर दूसरे एंबुलेंस के माध्यम से मरीज को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन जंगल के बीच एंबुलेंस का खराब होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। मरीजों को संजीवनी देने का काम करने वाला संजीवनी एक्सप्रेस को आज खुद संजीवनी की जरुरत है। मरम्मत के अभाव में आपातकालीन सेवाओं में लगे 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस की दशा समय के साथ खराब होती चली जा रही है। हालात कितने गंभीर हो गए हैं ।

## सड़क पर गिर कर घायल हो चुके हैं कई लोग

# तहसील ऑफिस तक मुश्किलों से गुजर कर पहुंचते हैं फरियादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

तहसील आफिस तक पहुंचने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति खराब होने के कारण आने जाने वालों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

उपतहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने व सड़क को सुगम बनाने की घोषणा पूर्व सीएम ने की थी। घोषणा के बाद पूर्ण तहसील तो बन गया पर पहुंच मार्ग बन नहीं पाया। बरसात के दिनों में ऑफिस तक पहुंचना जान जोखिम भरा रहता है। अन्य समय में गिट्टी ,गड्ढा से गुजरना फरियादियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तहसील कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी भी समस्या से जूझ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुजुर्गों को कार्यालय तक पहुंच पाना मुश्किल है। कई बार बुजुर्ग लोग गिर कर घायल हो चुके हैं। मेन रोड से लगभग एक किलोमीटर में स्थित तहसील कार्यालय तक पहुंचने के लिए कोई रिक्शा ऑटो नहीं मिलता। वहां तक स्वयं के वाहन से या पैदल जाना पड़ता है जिनके कारण पेशी पर जाने वाले लोग लगातार परेशान होते रहते हैं। सरपंच धीर सिह बंजारे ने बताया कि वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में शामिल जिला मुंगेली के जरहागांव तहसील पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1 किमी. (वास्तविक लंबाई 0.550 किमी.) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने आदेश हुआ। निर्माण कार्य हेतु 84.39 लाख रुपए का विस्तृत प्राक्कलन प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया है पर अब तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है।



तहसील आफिस तक पहुंचने वाली जर्जर सड़क।

### हो रही परेशानी

सड़क खराब होने के कारण तहसील कार्यालय तक पहुंचने अधिकारी, कर्मचारियों के साथ फरियादियों को परेशानी होती है। उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत करा दिया गया है। अब तक सड़क क्यों नहीं बन पाई इस विषय पर सम्बन्धित विभाग बता सकता है।

-कमल किशोर पटनवार, तहसीलदार, जरहागांव

### आनंद मेला व युवा महोत्सव कल से

**लोरमी।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर मुक्तिधाम सेवा समिति के तत्वावधान में हाईस्कूल मैदान में 12 जनवरी से तीन दिवसीय आनंद मेला व युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ साथ स्टाल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस, डांस, कराके सांग, कविता, भाषण, कुर्सी दौड़, पेंटिंग, मेहंदी, एवं मिस्टर लोरमी प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि नौ बजे तक होगा। आयोजन को सफल बनाने शरद डड़सेना, पवन अग्रवाल, जितेंद्र पाठक, आशीष जायसवाल, कृष्णकुमार जायसवाल, सोहन डड़सेना, नर्मदा कश्यप, यतिंद्र खत्री, अमित गुप्ता आदि जुटे हुए हैं।

## मोहन को मिला नपा अध्यक्ष का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



मोहन मल्लाह से मुलाकात करते पार्षद।

नगर पालिका अध्यक्ष पद का प्रभार नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देकर मुख्यालय छोड़ने का आवेदन दिया। जिसे स्वीकार करते हुए बीजेपी के मोहन मल्ल्लाह को नगर पालिका का प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया और वित्तीय पावर भी मोहन मल्लाह के पास रहेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मोहन मल्लाह को पत्र लिखकर अध्यक्ष पद का निर्वहन किये जाने की बात कही है। उन्होने उल्लेख किया है कि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने 5 जनवरी को लिखे गये पत्र के अनुसार स्वास्थगत कारणों से मुख्यालय छोड़कर उन्हे जाना पड़ रहा है। नगर पालिका अधिनियम की धारा 1961 की धारा 52 के तहत अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष को अध्यक्षता करने तथा धनादेश तथा चेक में हस्ताक्षर करने की शक्ति प्रदान की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे।

## विकासखण्ड स्तरीय युवा बाल संसद प्रतियोगिता



**पेंड्रा।** चालक शिक्षा संभाग बिलासपुर की समीक्षा बैठक में प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के तीनों विकासखण्डों में युवा बाल संसद प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर 40 विद्यार्थियों के दल का चयन कर किया गया। विकासखण्ड गौरेला के मिश्री देवी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरेला में प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री के अध्यक्षता में एवं डॉ संजीव शुक्ला, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, गौरेला तथा नरेन्द्र तिवारी, प्राचार्य, सेजेस सेमरा की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

मिश्रीदेवी के प्रतियोगी छात्राओं के द्वारा संसद की समस्त कार्यवाही की प्रस्तुति दी। संस्था के प्राचार्य जी.डी.गुप्ता एवं सहायक नोडल मुकेश कोरी द्वारा प्रतिभागियों क़े उज्जवल भविष्य की कामना की। विकासखण्ड मरवाही में सेजेज हिन्दी माध्यम सिवनी तथा सेजेज अंग्रेजी माध्यम मरवाही ने प्रतियोगिता में भाग लिया, विकासखण्ड पेण्ड्रा में सेजेस हिन्दी माध्यम पेण्ड्रा, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पेण्ड्रा, सेजेस कन्या पेण्ड्रा, बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागॉव, सेजेस हिन्दी माध्यम कोटमी के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान सेजेज हिन्दी माध्यम पेण्ड्रा एवं द्वितीय स्थान सेजेज अंगेजी माध्यम पेण्ड्रा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य एल.पी. डाहिरे, प्राचार्य व्ही के. वर्मा, विश्वास गोवर्धन सहायक नोडल फूल सिंह पैकरा, बी.पी. वासुदेव एवं संस्था के शिक्षक उपस्थित रहे।



## संकुल केंद्र धमनी में लइका मड़ई का आयोजन

**सरगांव।** लइका मड़ई 2024 का आयोजन संकुल केंद्र धमनी में 8 व 9 जनवरी को किया गया। आयोजन में कुल 8 स्कूलों के 540 बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर बच्चों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। इस अवसर पर संकुल प्रभारी अजय कमल, व्याख्याता एआर नागेश, प्रकाश मनहर, जानेश्वरी साहू, द्वारिका चतुर्वेदी, प्रधानपाठक राम सिंह ठाकुर, शिक्षक फरीद जिलानी, शम्भू ध्रुव, जितेंद्र ठाकुर, जानकी ठाकुर, विद्यावती मनहरे, कमल साहू, प्रधानपाठक मोतिलाल अनन्त, संगीता भारद्वाज,अशोक बरगाह, नारायणी कश्यप, सहायक शिक्षक- बलजीत सिंह कांत, प्रवीण कोशले, अनूप गुरुदीवान, उर्मिला लकड़ा, आयशा जलानी, छन्नूराम भारद्वाज, विकाश शर्मा, रामखिलावन पैकरा, चंद्रहास पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मोहन लहरी ने किया।



### गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन

**मुंगेली।** ग्राम चारभाठा के शिवाजी क्रिकेट मैदान पर आयोजित होने वाले 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम चारभाठा में जिला स्तरीय 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ 8 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित किया जाना है। जिसके लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार के समस्त कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं। शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य शक्ति कलश का भ्रमण जिले की समस्त ग्रामों में 8 जनवरी से 7 फरवरी तक किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न संस्कार कार्यक्रम भी निःशुल्क रूप से कराई जाएगी। यह कार्यक्रम राष्ट्र जागरण अभियान के तहत शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह जानकारी 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ आयोजन समिति के सचिव नर्मदा सिंह राजपूत ने दी।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस का कैलेंडर विमोचित



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस का नव वर्ष 2024 का कैलेंडर का विमोचन कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार रैदास, जिला उपाध्यक्ष ममता चक्रवर्ती, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ,श्रीमतीआर जेम्स ,सचिव अनूजय वैश्य, जिला उपाध्यक्ष परमानंद टंडन जिला महासचिव श्रीनिवास पांडे, तहसील अध्यक्ष गौरेला बसंता रोहिणी, तहसील अध्यक्ष मरवाही हंस लाल यादव, तहसील अध्यक्ष पेंड्रा नारायण साहू, संगठन सचिव विजय तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सेन, जिला उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, एवं सूरज सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**सेतगंगा/मुंगेली।** युवा क्रिकेट क्लब सेतगंगा के तत्वावधान में सोमवार 8 जनवरी को रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचीन श्रीराम जानकी के पुजारी राधेश्याम दास, सामाजिक कार्यकर्ता जय देवांगन, कमल लोचन टोन्डर, कंन्हैया सिंह बैस, नरेन्द्र जायसवाल, अखिल टोन्डर, भागीरथी सिंह, प्रमोद सोनी, सतीश देवांगन, राजकुमार चौहान, हरिशंकर गुप्ता, किशन गुप्ता, संतोष देवांगन, अभिषेक जायसवाल, अमर दास टोन्डर ने फीता काटकर किया। क्रिकेट कलब अध्यक्ष ने बताया कि मुंगेली व झलियापुर के मध्य शुभारंभ मैच हुआ। जिसमे मुंगेली के टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए झलियापुर के टीम को 44 रन से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में शेखर भास्कर, पोसगी देवांगन, रमाकांत जायसवाल, बलराम देवांगन, मोंटू जायसवाल, राजकुमार चौहान, अभिषेक जायसवाल, सुनील देवांगन, श्रवण श्रीवास, दिलीप देवांगन, मुरारी गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, विक्की, दिनेश आदि मौजूद थे।

स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह

राष्ट्र स्वाभिमान यात्रा

12 जनवरी 2024, शुक्रवार, प्रातः 8:00 से 9.30 बजे तक



मुख्य अतिथि



श्री अरुण साव जी
माननीय उप-मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
कैबिनेट मंत्री - लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन

अति-विशिष्ट अतिथि

श्री विभूति भूषण पाण्डेय जी
प्रान्त संगठन मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद् (छ. ग.)

प्रो. श्री राजकुमार सचदेव जी
विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, बिलासपुर



श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक , बेलतरा (छ.ग.)

अध्यक्षता

आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी जी
कुलपति - अटल बिहारी यूनिवर्सिटी, बिलासपुर

विशिष्ट अतिथि

श्री महेंद्र जैन जी
संयोजक- वन्दे मातरम मित्र मण्डल

श्री धनराज आहूजा जी
अध्यक्ष पूज्य सिन्धी सेंट्रल पंचायत, बिलासपुर

श्रीमति विनीता भावनानी जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सिन्धी महा सभा

श्री अखिलेश देवरस जी
IMA अध्यक्ष, बिलासपुर (छ.ग.)

श्री प्रदीप देशपांडे जी
पूर्व विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, बिलासपुर

विनीत

| विवेकानन्द केन्द्र, बिलासपुर | सिन्धु चेतना, बिलासपुर | सिन्धी युवा विंग, बिलासपुर |
|---|---|---|
| डॉ. के. डब्ल्यू. देवरस | श्री कमल बजाज | श्री अजय भिमनानी |
| श्री प्रतीक शर्मा | श्री अभिषेक विधानी | श्री नीरज जिग्यासी |
| डॉ. ओम माखीजा | श्री धीरज रोहरा | श्री विशाल पमनानी |
| श्री तरुणधर दीवान | श्री दिनेश नागदेव | श्री विजय छुगानी |
| डॉ. उल्हास व्ही. वारे | श्री दयानंद तीर्थानी | श्री सुनील लालवानी |
| डॉ. संजय मनोहर आयदे | श्री संतोष बुधवानी | श्री अजय तहिलयानी |
| श्री अनिल साहू | | श्री अमित नेभानी |
| श्री आशुतोष शुक्ला | | श्री मनोज उभरानी |



डॉ. ओम माखीजा

आप ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं

स्थान :- विवेकानन्द गार्डन, देवकीनन्दन चौक, बिलासपुर

विवेकानन्द केन्द्र, बिलासपुर | सिन्धी युवा विंग, बिलासपुर | सिन्धु चेतना, बिलासपुर | आई एम ए, बिलासपुर